

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 23 मई 2025 ■ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-11 ■ वर्ष -41 ■ अंक-055 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 24 मई 2025 ■ मूल्य-1.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### भारत के लोगों हम तुम्हारी सांस रोक देंगे: पाकिस्तान आर्मी

**करांची,23 मई।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 100 से ज्यादा आतंकियों को जहन्नूम भेजने और भारत के साथ लड़ाई में मुंह की खाने के बाद भी पाकिस्तान के नेता और पाकिस्तान आर्मी के अधिकारी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। नेता और पाकिस्तान आर्मी के अधिकारी बड़बोलापन दिखाते हुए बार-बार भारत को धमकी दे रहे हैं। पाकिस्तान सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ ने भारत को एक बार फिर धमकी दी है। भारत को सिंधु जल स्थगित करने को लेकर धमकी देते हुए शरीफ ने कहा कि अगर हमारा पानी रोकोगे तो हम तुम्हारी सांस रोक देंगे। बता दें कि आतंकी हाफिज सईद बिलकुल इन्हीं शब्दों के साथ भारत को पहले भी धमकी दे चुका है। अब आतंकिस्तान के अधिकारी भी आतंकियों की भाषा बोलने लगे हैं। दरअसल अहमद चौधरी हाल ही में पाकिस्तान की एक यूनिवर्सिटी में संबोधन के लिए गए थे। उन्होंने इस दौरान सिंधु जल संधि को लेकर भारत को धमकी दीष अहम बात यह है कि पाक आर्मी के प्रवक्त अहमद चौधरी ने आतंकी हाफिज सईद की भाषा का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा, ''अगर हमारा पानी रोकोगे तो हम तुम्हारी सांस रोक देंगे।



### मुठभेड़ में एक जवान शहीद,एसआईए ने 17 जगहों पर मारा छापा

**श्रीनगर,23 मई।** जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के सिंघपोरा और छतरू इलाके में पिछले 24 घंटे से सेना का सर्च ऑपरेशन जारी है। जंगलों में 3-4 आतंकियों के छिपे होने की सूचना है। वहीं आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच जारी एनकाउंटर में घायल जवान शहीद हो गया है। गुरुवार सुबह आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच गोलीबारी सेना का जवान घायल हो गया था। उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। इधर जम्मू-कश्मीर में स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने पुंछ समेत 4 जिलों के 17 जगहों पर छापेमारी की। एक आतंकी के घर पर भी छापा मारा गया है। श्रीनगर में एक वेंडर के खिलाफ चार्जशीट दायर की गई है। वेंडर का नाम मुदासिर अहमद शेख है। यह एयरटेल से जुड़ा है। आरोप है कि मुदासिर ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सिम बेची थी, जो एक आतंकी इस्तेमाल कर रहा था। कुलगाम में चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट के सामने चार्जशीट दायर की गई है।

### हाइवा से हाइवा की टक्कर, केबिन में फंसा चालक

**कोरबा,23 मई।** रायपुर-अंबिकापुर हाइवे पर शुक्रवार को दो हाइवा वाहनों के बीच भीषण हादसा हुआ. छुरी से बिलासपुर जा रही हाइवा सड़क किनारे खड़ी दूसरी हाइवा से टकरा गई. हादसे में घायल चालक अनीश पटेल केबिन के अंदर फंस गया, जिसे गैस कटर की मदद से बाहर निकाला गया. जानकारी के मुताबिक, घटना सुबह तकरीबन 5 बजे के आसपास की बताई जा रही है. राखड़ से लोड ट्रेलर छुरी से बिलासपुर की ओर जा रही थी. इसी दौरान वह सड़क किनारे खड़ी हाइवा से जा भिड़ी. हादसे में ट्रेलर के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया. वाहन चालक केबिन के भीतर ही फंस गया. वाहन चालक को चोटें आई है. दुर्घटना के बाद सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लगने से सड़क जाम हो गया. सूचना मिलते ही जिला प्रशासन की टीम और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया. कैबिन में फंसे चालक को गैस कटर की मदद से बाहर निकाला गया.

# भारतीय सांसदों के पहुंचने से ठीक पहले मॉस्को में ड्रोन अटैक

**मास्को,23 मई।** रूस ने गुरुवार को बताया कि उसे पिछले तीन दिनों में देश भर में कम से कम 485 ड्रोन हमले का सामना करना पड़ा है। अकेले मॉस्को और इसके आसपास के इलाके में 63 ड्रोन अटैक की कोशिश की गई। आज भारतीय डेलिगेशन के मॉस्को पहंचने से पहले भी यही स्थिति बनी रही। यहां घंटों ड्रोन अटैक की कोशिश की गई। एयरपोर्ट को बंद करना पड़ गया। इसके कारण भारतीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल को लेकर रूस यात्रा पर निकली फ्लाइट को घंटों तक हवा में चक्कर लगाना पड़ा। ऐसा कहा जा रहा है कि ड्रोन हमले के कारण एयरपोर्ट को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। इस



प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई डीएमके सांसद कनिमोझी कर रही हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेन द्वारा किए गए ड्रोन हमले के कारण कई घंटों तक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों उड़ानों का संचालन स्थगित रहा। इसके कारण सांसद कनिमोझी के नेतृत्व वाले डेलिगेशन को उतरने की अनुमति नहीं दी गई। इसके कारण फ्लाइट हवा में ही चक्कर लगाती रही। काफी देरी के बाद विमान की सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। रूस में भारतीय दूतावास के अधिकारियों ने हवाई अड्डे पर सर्वदलीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया और उन्हें सुरक्षित रूप से उनके होटल तक पहुंचाया। कनिमोझी रूस, स्पेन, ग्रीस, स्लोवेनिया और लातविया में एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रही हैं। यह डेलिगेशन इन देशों को 22 अप्रैल के पहलगाम हमलों के जवाब में पाकिस्तान के खिलाफ भारत द्वारा हाल ही में शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी देगा। साथ ही क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति पर भारत का रुख भी स्पष्ट करेगा।

## सौ किलोमीटर घुसकर पाकिस्तानी सेना को सबक सिखाया: शाह

**नई दिल्ली,23 मई।** राष्ट्रीय राजधानी में 22वें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) अलंकरण समारोह और रुस्तमजी स्मृति व्याख्यान को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि दशकों से देश आतंकवाद का सामना कर रहा है। पाकिस्तान ने कई हमले किए, लेकिन उसका माकूल जवाब नहीं मिला। 2014 में जब मोदी जी प्रधानमंत्री बने, तो उरी में पहला बड़ा हमला हुआ, जिसमें हमारे जवानों को निशाना बनाया गया और हमने दुश्मन के इलाके में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक से जवाब दिया। जब पुलवामा हमला हुआ, तो भारतीय सेना ने हवाई हमले के जरिए कड़ा जवाब दिया। जब यह तय हुआ कि एक सीमा पर एक बल सुरक्षा प्रदान करेगा, तो बीएसएफ को दो सबसे कठिन सीमाओं - बांग्लादेश और पाकिस्तान की रक्षा करने की जिम्मेदारी दी गई और आपकी क्षमताओं को देखते हुए, आपने इसे बहुत अच्छी तरह से सुरक्षित किया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों ने हमारे लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि इसका उचित जवाब दिया जाएगा और आज यह जवाब स्पष्ट है।

## दिल्ली-एनसीआर में कोरोना की एंट्री

**नई दिल्ली,23मई।** दक्षिण-पूर्व एशिया में कोविड-19 के मामलों में उछाल के बाद, भारत में भी हाल के हफ्तों में कोविड-19 के नए मामले देखे गए हैं, जिनमें से ज़्यादातर मामले केरल, महाराष्ट्र, गुजरात और तमिलनाडु से रिपोर्ट किए गए थे लेकिन अब इसकी रीच बढ़ गयी है दिल्ली एनसीआर में भी कोरोना के मरीजों को दर्ज किया गया है। हालाँकि, ज़्यादातर मामले हल्के हैं और गंभीरता या मृत्यु दर से जुड़े नहीं हैं। हरियाणा के गुरुग्राम और फरीदाबाद में कोविड-19 के कम से कम तीन मामले सामने आए हैं, एक अधिकारी ने गुरुवार (22 मई) को इसकी पुष्टि की। गुरुग्राम से कोरोना वायरस के दो और फरीदाबाद से एक मामला सामने आया। गुरुग्राम में हाल ही में मुंबई से लौटी 31 वर्षीय महिला में संक्रमण की पुष्टि हुई। बिना किसी यात्रा इतिहास वाले 62 वर्षीय व्यक्ति में भी संक्रमण की पुष्टि हुई। दोनों मरीजों को आइसोलेट कर दिया गया है। फरीदाबाद में पल्ला इलाके के सेहतपुर निवासी 28 वर्षीय व्यक्ति जो सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर काम करता है, कोविड संक्रमित पाया गया। पिछले कई दिनों से बुखार, खांसी और जुकाम से पीड़ित होने के बाद वह इलाज के लिए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल गया था। वहां कराए गए कोरोना टेस्ट में संक्रमण की पुष्टि हुई।

## विकसित भारत के लिए पूर्वी भारत का विकास जरूरी: मोदी

**नई दिल्ली,23 मई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली में राइजिंग नॉर्थईस्ट इन्वेस्टर्स समिट 2025 को संबोधित किया, जहां उन्होंने कहा कि भारत का पूर्वोत्तर देश का सबसे विविधतापूर्ण हिस्सा है और पिछले 11 वर्षों में इस क्षेत्र में बड़े बदलाव हुए हैं। उन्होंने समिट में कहा कि भारत दुनिया में सबसे विविधतापूर्ण राष्ट्र के रूप में जाना जाता है और हमारा पूर्वोत्तर इस विविधतापूर्ण राष्ट्र का सबसे विविधतापूर्ण हिस्सा है। व्यापार से लेकर परंपरा, वस्त्र से लेकर पर्यटन तक, पूर्वोत्तर की विविधता इसकी सबसे बड़ी ताकत है। मोदी ने कहा कि आज जब मैं राइजिंग नॉर्थ ईस्ट के इस भव्य मंच पर हूं तो मन में गर्व है, आत्मीयता है और अपनापन है और सबसे बड़ी बात है, भविष्य को लेकर अपार विश्वास है। अभी कुछ ही महीने पहले यहां भारत मंडपम में हमने अष्टलक्ष्मी महोत्सव मनाया था। आज हम यहां नॉर्थ ईस्ट में निवेश का उत्सव मना रहे हैं। यहां इतनी बड़ी संख्या में इंडस्ट्री लीडर्स आए हैं। यह दिखाता है कि नॉर्थ ईस्ट को लेकर सभी में उत्साह है, उमंग है और नए-नए सपने हैं। मैं सभी मंत्रालयों और सभी राज्यों की सरकारों को इस काम के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं। आपके प्रयासों से वहां निवेश के लिए शानदार माहौल बना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को दुनिया का सबसे विविध देश कहा जाता है और हमारा नॉर्थ ईस्ट इस विविध राष्ट्र का सबसे विविध हिस्सा है.



नॉर्थ ईस्ट की विविधता इसकी बहुत बड़ी ताकत है... इसलिए नॉर्थ ईस्ट हमारे लिए अष्टलक्ष्मी है। अष्टलक्ष्मी के इस आशीर्वाद से नॉर्थ ईस्ट का हर राज्य कह रहा है , हम निवेश के लिए तैयार हैं, हम नेतृत्व के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए पूर्वी भारत का विकसित होना बहुत जरूरी है। नॉर्थ ईस्ट पूर्वी भारत का सबसे अहम अंग है। हमारे लिए पूर्व का मतलब सिर्फ एक दिशा नहीं है। हमारे लिए पूर्व का मतलब है, 'एम्पावर, एक्ट, स्ट्रेंथ और ट्रांस्फॉर्म'। पूर्वी भारत के लिए यही हमारी सरकार की नीति है। मोदी ने साफ तौर पर कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए सबसे जरूरी है, शांति और कानून-व्यवस्था। आतंकवाद हो या अशांति फैलाने वाले माओवादी। हमारी सरकार शून्य सहिष्णुता की नीति पर चलती है। एक समय था जब नॉर्थ-ईस्ट के साथ 'बम और बंदूक' का नाम जुड़ा हुआ था। इसका बहुत बड़ा नुकसान वहां के युवाओं को उठाना पड़ता था। उनके हाथों से अनगिनत मौके निकल गए। हमारा ध्यान नॉर्थ ईस्ट के युवाओं के भविष्य पर है इसलिए हमने एक के बाद एक शांति समझौते किए। युवाओं को विकास की मुख्य धारा में आने का अवसर दिया। पिछले 10-11 साल में 10,000 से ज्यादा युवाओं ने हथियार छोड़कर शांति का रास्ता चुना है...आज नॉर्थ ईस्ट युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार के लिए नए मौके मिल रहे हैं।

## पाक पीएम ने भारत को दी गीदड़भभकी

**करांची,23 मई।** ऑपरेशन सिंदूर में भारत से बुरी तरह पिटने के बाद भी पाकिस्तान पीएम शहबाज शरीफ अपनी शर्मनाक हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। शहबाज शरीफ ने एक बार फिर से भारत को गीदड़भभकी दी है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने पहलगाम आतंकवादी हमले को ''दुर्भाग्यपूर्ण'' करार देते हुए कहा कि पाकिस्तान और भारत के बीच युद्ध की स्थिति ''बहुत खतरनाक मोड़'' ले सकती थी। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने दावा किया कि पाकिस्तान ने हमले की निष्पक्ष जांच की पेशकश की थी। भारत ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था। शहबाज ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के मुजफ्फराबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, ''पहलगाम की घटना दुर्भाग्यपूर्ण थी, लेकिन दोनों देशों के बीच युद्ध की स्थिति किसी भी समय बहुत खतरनाक मोड़ ले सकती थी। इस कार्यक्रम में उन्होंने सैन्य संघर्ष के दौरान मारे गए नागरिकों के परिजनों और घायलों को मुआवजे के चेक वितरित किए। शहबाज ने दावा किया कि पाकिस्तान ने 1971 के युद्ध की हार का बदला ले लिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच 1971 में हुए युद्ध के परिणामस्वरूप पाकिस्तान का विभाजन हुआ और बांग्लादेश के रूप में नया देश बना, जिसे पहले पूर्वी पाकिस्तान के नाम से जाना जाता था। प्रधानमंत्री ने यह भी दावा किया कि पाकिस्तानी सेना ने केवल सैन्य प्रतिष्ठानों को ही निशाना बनाया। एक दिन पहले ही शहबाज शरीफ ने सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर को फील्ड मार्शल के तौर पर पदोन्नत करने का फैसला किया था। जनरल मुनीर को पदोन्नत करने का फैसला प्रधानमंत्री शहबाज की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लिया गया था।

### ● बोले- 'इंडिया-पाकिस्तान युद्ध खतरनाक'

### पानी रोका तो, सांसे रोक देंगे

पाकिस्तान सेना की मीडिया शाखा, आईएसपीआर की ओर से एक धमकी भरा बयान आया। आईएसपीआर के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने आतंकवादी सरगना हाफिज सईद की भाषा से मिलते-जुलते अंदाज में कहा कि अगर तुम (भारत) हमारा पानी बंद कर दोगे, हम तुम्हारी सांस बंद कर देंगे। यह बयान हाफ़िज़ सईद की धमकियों की याद दिलाता है। सिंधु जल संधि को रद्द करने के भारत के हालिया फ़ैसले से पूरे पाकिस्तान में चिंता की लहर है, क्योंकि देश में बहने वाली नदियाँ सूखने लगी हैं।

## शहीद जवान को मुख्यमंत्री साय ने दी श्रद्धांजलि

**रायपुर,23 मई।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बीजापुर जिले के उसूर क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान अदम्य साहस का परिचय देते हुए शहीद सीआरपीएफ कोबरा बटालियन के



कांस्टेबल सोलंकी मेहुल भाई नंदलाल को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और पार्थिव शरीर को कंधा देकर उनके गृह राज्य रवानगी से पूर्व अंतिम विदाई दी। मुख्यमंत्री आज माना स्थित चौथी वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल परिसर पहुंचकर शहीद के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित किए और उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री श्री साय इस मौके पर शहीद के परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की और ईश्वर से उन्हें इस कठिन समय में शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद मेहुल भाई की वीरता और देशभक्ति हमेशा याद रखी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पिछले एक वर्ष से नक्सल विरोधी अभियान तेज हुई है और हमारे जवानों ने नक्सलवाद से डटकर मुकाबला कर बड़ी सफलताएं हासिल की है। उन्होंने कहा कि मार्च 2026 तक नक्सलवाद के समूल नाश का अपना संकल्प हम पूरा करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। सरकार शहीद परिवार के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव सहयोग करेगी। कांस्टेबल सोलंकी मेहुल भाई का बलिदान वीरता और राष्ट्र के प्रति समर्पण की सर्वोच्च परंपरा को दर्शाता है। इस अवसर पर प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा, विधायक मोतीलाल साहू, विधायक पुरन्दर मिश्रा, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

## बैडमिंटन कोर्ट में खिलाड़ी की संदिग्ध मौत

**रायपुर,23 मई।** आज सुबह एडमिशन के लिए डेमो लेने पहुंचे खिलाड़ी की संदिग्ध मौत हो गई. जानकारी के मुताबिक हिमांशु श्रीवास्तव उम्र 35 वर्षीय भिलाई सेक्टर-04 का निवासी था. युवक की मौत हार्ट अटैक से होने की आशंका जताई जा रही है. सूचना पर पहुंची पुलिस ने पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है. यह पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है. कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान भिलाई निवासी हिमांशु श्रीवास्तव के रूप में हुई है. वह रायपुर में अपनी पत्नी के साथ रह रहा था. आज सुबह युवक पहली बार सप्रे बैडमिंटन एकेडमी पहुंचा था. उसने वहां मौजूद खिलाड़ियों से बैडमिंटन खेलने की इच्छा जताई, जिसे खिलाड़ियों ने स्वीकार कर लिया. कुछ देर तक खेल में भाग लेने के बाद वह थककर कोर्ट के बाहर आकर बैठा और अचानक जमीन पर गिर पड़ा.



घटना के तुरंत बाद मौजूद खिलाड़ियों ने उसे डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल (मेकाहारा) पहुंचाया, लेकिन डाक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. फिलहाल युवक की मौत को संदिग्ध माना जा रहा है और उसकी मौत के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है. जानकारी के अनुसार, खिलाड़ी सुबह 8 से 9 बजे के बीच पहुंचा था. वह इस बैच में शामिल होने की इच्छा जताई थी. इसके बाद वह 8.30 बजे कुछ देर तक खेलने के बाद बैठ गया. इसके बाद अचानक बैठ गया. कुछ देर बाद वह अचानक ही गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई.

## शादी की छुट्टी पर बर्खास्त भृत्य को 9 साल बाद फिर से मिलेगी नौकरी

**बलिासपुर,23 मई।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले से एक दिलचस्प मामला सामने आया है. जिला न्यायालय बालोद में पदस्थ एक भृत्य ने अपनी शादी के लिए सात दिन का अवकाश लिया था, लेकिन वह दस दिन बाद काम पर लौटा. इस पर उसे अनाधिकृत अवकाश का हवाला देते हुए सेवा से बर्खास्त कर दिया गया. नौ साल तक चले कानूनी संघर्ष के बाद भृत्य को आखिरकार हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली. हाईकोर्ट ने जिला न्यायालय को आदेश दिया है कि उसे 50 प्रतिशत पिछला वेतन देते हुए पुनः सेवा में बहाल किया जाए.दरअसल, जिला न्यायालय बालोद में परीवीक्षा अवधि में भृत्य के पद पर राजेश देशमुख पदस्थ था. इस दौरान साल 2016 में उसकी शादी लग गई. घर में तैयारियां जारी थी, उसने अपनी शादी के लिए 7 दिन का अवकाश लिया. लेकिन शादी से लौटते हुए उसे देरी हो गई, अवकाश अवधि से 10 दिन बाद राजेश काम पर वापस आया. विभाग ने आरोप लगाया कि उसने अनाधिकृत रूप से अवकाश लिया है, जिसके बाद उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया गया.

## छत्तीसगढ़ में दिखा दुर्लभ इंडियन ब्लू रॉबिन

**खैरागढ़,23 मई।** खैरागढ़ और राजनांदगांव जिले में जैव विविधता को लेकर एक नई और उत्साहजनक उपलब्धि सामने आई है. चार साल बाद दुर्लभ हिमालयन प्रवासी पक्षी इंडियन ब्लू रॉबिन फिर से नजर आया है. यह पक्षी 30 अप्रैल को डोंगरगढ़ में प्रकृति प्रेमी प्रतीक ठाकुर को दिखाई दिया. इसके पहले अप्रैल में भिलाई में एसडी बर्मन ने इसकी उपस्थिति दर्ज की थी. इंडियन ब्लू रॉबिन एक अत्यंत दुर्लभ हिमालयी प्रवासी पक्षी है, जो अक्टूबर में हिमालय से दक्षिण भारत की ओर प्रवास करता है और अप्रैल के अंत तक अपने प्रजनन स्थल हिमालय



लौट जाता है. मध्य भारत में इस प्रवास काल के दौरान इसे देख पाना बहुत ही असामान्य है, जिससे इसकी मौजूदगी जैव विविधता के लिहाज से बेहद अहम मानी जा रही है.

### यूनुस इस्तीफा देने तैयार

**ढाका,** बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस और आर्मी चीफ जनरल वाकर-उज-जमान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है. आर्मी चीफ ने सख्त लहजे में कहा है कि देश का भविष्य एक गैर-निर्वाचित सरकार तय नहीं करेगी और दिसंबर 2025 तक चुनाव कराने का दबाव बनाया है, ताकि 2026 की शुरुआत तक एक चुनी हुई सरकार सत्ता संभाल सके. दूसरी ओर, नोबेल पुरस्कार विजेता यूनुस ने मौजूदा हालात में काम करने में असमर्थता जताते हुए इस्तीफे की ओर इशारा किया है.

## बांग्लादेश में फिर भूचाल: मोहम्मद यूनुस के खिलाफ ढाका की सड़कों पर उतरे लोग

**ढाका,23 मई।** एक बार फिर से बांग्लादेश में राजनीतिक संकट गहराने लगा है। शेख हसीना सरकार की तख्तापलट के आई मोहम्मद यूनुस सरकार से एक साल के अंदर ही लोगों का मन भरने लगा है। बांग्लादेश में अब मोहम्मद यूनुस सरकार के खिलाफ बगावत के सुर उठने लगे हैं। ढाका की सड़कों पर हजारों की संख्या पर लोग उतरकर मोहम्मद यूनुस सरकार का विरोध किया। वहीं बांग्लादेश में गहरे राजनीतिक संकट के बीच अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस भी अपने पद से इस्तीफा देने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने ढाका में एडवाइजरी काउंसिल की एक बैठक के दौरान साफ तौर पर कहा कि मौजूदा राजनीतिक हालात में काम करना उनके लिए असंभव होता जा रहा है। एक और महत्वपूर्ण मोड़ आया जब यह खुलासा हुआ कि यूनुस सरकार ने अमेरिका के साथ मिलकर बांग्लादेश-म्यांमार सीमा पर एक मानवीय गलियारा स्थापित करने की योजना बनाई थी। इस डील को गुप्त रूप से अंजाम दिया गया, जिससे सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमान नाराज हो गए। उन्होंने दिसंबर तक चुनाव करवाने का अल्टीमेटम देते हुए सरकार को चेतावनी भी दी। इससे स्पष्ट है कि देश की सिविल और सैन्य व्यवस्था के बीच भारी टकराव है, जो भविष्य के लिए खतरनाक संकेत है। यूनुस न केवल राजनीतिक पार्टियों से बल्कि छात्र संगठनों और आम जनता से भी घिरे हुए हैं। विरोधी दलों ने इस साल के अंत तक चुनाव कराने की मांग को लेकर सड़क पर प्रदर्शन तेज कर दिए हैं। महफूज आसिफ और खलीलुर्रहमान जैसे नेताओं को सरकार से बाहर निकालने की मांग ने इस विरोध को और हवा दी है। इससे पता चलता है कि जनता और राजनीतिक संगठन अब मौजूदा सरकार से पूरी तरह से असंतुष्ट हैं।



**एक नजर**

### कारोबारी पर हमला,1 गिरफ्तार



भिलाई,23 मई। भिलाई माह भर पहले अंबिकापुर जेल से छूटकर आए दीपक नेपाली ने शहर के एक कारोबारी पर प्राणघातक हमला कर दिया नेपाली आदतन अपराधी है उसका नाम महादेव सट्टा में भी सामने आ चुका है घटना के बाद से वह फरार है पुलिस ने उसके एक साथी को गिरफ्तार किया है आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है वैशाली नगर पुलिस ने बताया 18 नंबर सड़क कैंप निवासी प्रदीप चौबे की पत्नी स्नेहा चौबे ने देर रात वैशाली नगर थाने पुलिस में दीपक नेपाली, शुभम यादव, उसके चाचा राम प्यारे यादव, राजा के खिलाफ थाने में शिकायत की थी। जांच शुरू करते ही शुभम यादव पुलिस गिरफ्त में आ गया। फिलहाल अन्य तीन आरोपी फरार हैं। शिकायत पर पुलिस ने बताया कि कारोबारी प्रदीप चौबे रात 10 बजे अपने घर गया और खाना खाकर सोने चला गया रात 10.30 बजे प्रदीप के मोबाइल पर शुभम यादव का कॉल आया शुभम ने उसे बाहर बुलाने पर प्रदीप बाहर निकल गया वो जैसे ही बाहर निकला बदमाश कैंप - 1 का बदमाश दीपक नेपाली, शुभम, राजा, राम प्यारे ने मिलकर गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। प्रदीप ने जब विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। प्राणघातक हमला कर दिया। घटना में प्रदीप की दीपक ने गला भी दबाया। उसके सिर को दीवार पटक भी दिया पति के ऊपर हुए हमले को देख स्नेहा चौबे आई उन लोगों ने युवकों को धक्का दिया लेकिन उसे ही आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी फिर स्नेहा ने डायल 112 में कॉल कर घटना की सूचना दी दीपक नेपाली का नाम महादेव सट्टे में भी आ चुका है छावनी थाने पुलिस ने इसके खिलाफ कार्रवाई किया था कमीशनखोरी के लिए वसूली करने पहुंचा था बदमाश पुलिस की मानें तो प्रदीप चौबे प्रॉपर्टी का कारोबारी है शुभम के चाचा राम प्यारे यादव ने एक मकान का उससे सौदा कराया था सौदे में प्रदीप ने पार्टी से 12 लाख रुपए लिया ढाई लाख रुपए लेना बाकी था राम प्यारे उससे अपना 50 हजार रुपए कमीशन मांग रहा था तब प्रदीप ने बोला कि ढाई लाख रुपए जो बचा है, वो रकम आने पर उसका कमीशन देगा इसके बाद वो दीपक नेपाली को लेकर वसूली करने उसके घर पहुंच गया बदमाश दीपक नेपाली जेल से छूटने के बाद लगातार अपराध को अंजाम दे रहा है। पुलिस इसके खिलाफ आने वाले दिनों बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में है दीपक नेपाली के खिलाफ अवैध वसूली, हत्या का प्रयास, मारपीट जैसे कई अलग-अलग मामले दर्ज हैं हत्या के प्रयास के मामले में वो काफी दिन तक जेल में रहा और कुछ दिन पहले ही अंबिकापुर जेल से छूटकर बाहर आया है ।

### चोरी के मामले में 3 गिरफ्तार



भिलाई,23 मई। भिलाई जामुल थाना क्षेत्र के चोरी के मामले में पुलिस ने दो युवक और एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है आरोपियों के जामुल थाने खिलाफ पुलिस ने धारा 331(4), 305(ए), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है जामुल टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि वैशाली नगर निवासी राहुल अग्रवाल ने शिकायत किया था उनका छावनी चैक पर सालासर ट्रेडर्स के नाम से फेब्रीकेशन फैक्ट्री है जहां ताला लगाकर अपने घर आ गया था सुबह वापस फैक्ट्री पहुंचा तो नगदी रकम 4 हजार रूपये व केबल तार चोरी हो गया स्वास्तिक एवं रानीसती ट्रेडर्स नामक फैक्ट्री से भी रात को 5 बंडल केबल तार चोरी हुआ था पुलिस को मुखबिर व सीसी कैमरे की मदद से संदेही खुर्सीपार निवासी रवि विश्वकर्मा उर्फ खिल्लू से पूछताछ करने पर दोस्त छावनी शंकर साव और अपचारी बालक के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया।

### आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने किया हाउसिंग बोर्ड की पुरानी पानी टंकियों का निरीक्षण

भिलाई, 23 मई। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के जोन क्रमांक 02 में स्थित हाउसिंग बोर्ड में लगभग 50 वर्ष पूर्व जल आपूर्ति के लिए पानी टंकी बनाया गया था। जो अब पुरानी हो गई है, कुछ पानी टंकियों से पानी लिकेज की भी शिकायत आ रही है। सीमेंट छोड़कर गिर रहा है, उसको देखते हुए नगर निगम भिलाई द्वारा वहां पर निर्मित पानी सप्लाई करने के लिए नई पानी टंकियां बना दी गई हैं। लेकिन अभी भी पुरानी टंकियों से पानी सप्लाई की जा रही है। नई टंकियां शीघ्र ही चालू कर दी जायेंगी, पुरानी टंकियों से किसी प्रकार की दुर्घटना ना हो इसलिए उसे डिस्मेंटल किया जाएगा।

# भावना बोहरा के प्रयासों से 5333 गन्ना उत्पादक किसानों को 20 .27 करोड़ रुपए का भुगतान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,23 मई।** पण्डरिया क्षेत्र के गन्ना उत्पादक किसानों के लिए आज का दिन राहत और खुशी भरा रहा। पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के सतत प्रयासों और राज्य सरकार के सहयोग से लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पण्डरिया द्वारा कुल 20.27 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान 5333 गन्ना विक्रेता कृषकों को किया गया। यह भुगतान गन्ना पेराई सत्र 2024-25 के तहत एफ.आर.पी. 315.10 रूपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदी गई गन्ने की राशि के रूप में जारी किया गया है। यह उपलब्धि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, सहकारिता मंत्री श्री केदार कश्यप एवं मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक श्री महेन्द्र सिंह सवन्नी के सहयोग से संभव हुई, लेकिन इसके पीछे सबसे प्रमुख भूमिका पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा की रही, जिन्होंने लगातार शासन-प्रशासन से संपर्क कर किसानों को उनका हक दिलाने का कार्य किया। किसानों को अब शेष राशि का भुगतान भी शीघ्र मिलेगी। पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने यह सुनिश्चित किया कि गन्ना उत्पादक किसानों को उनके श्रम का पूरा मूल्य समय पर मिले। उन्होंने समय-समय पर शक्कर कारखाने के प्रबंधन, विभागीय अधिकारियों और शासन के उच्च पदाधिकारियों से संवाद कर किसानों के भुगतान में आ रही अड़चनों को दूर करवाया। किसानों की समस्याओं को उन्होंने मजबूती से उठाया, जिसके सकारात्मक परिणाम आज सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल आर्थिक भुगतान नहीं, बल्कि किसानों के आत्मसम्मान और विश्वास की पूर्ति है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पण्डरिया क्षेत्र के प्रत्येक किसान, श्रमिक और आम नागरिक के अधिकारों की रक्षा के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगी। भविष्य में भी क्षेत्र के किसानों के हितों के लिए हर आवश्यक कदम उठाया जाएगा, ताकि खेती लाभ का सौदा बने और किसान सशक्त बन सकें।

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि किसान हमारे देश की रीढ़ हैं, और उनके कठिन परिश्रम का सही मूल्य मिलना बेहद जरूरी है। गन्ना उत्पादक किसानों के लिए यह एक अहम कदम है, क्योंकि समय पर भुगतान से उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होता है और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। यह केवल एक आर्थिक सहायता नहीं है, बल्कि हमारे किसानों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता और जनप्रतिनिधि के रूप में मेरी जिम्मेदारी का परिचायक है। पंडरिया विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, मंत्री श्री केदार कश्यप और अन्य अधिकारियों के सहयोग से यह संभव हो सका है। मैं उनके प्रति आभार व्यक्त करती हूँ। हम लगातार यह सुनिश्चित करेंगे कि किसानों को उनकी मेहनत का पूरा मूल्य समय पर मिले और वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। यह मेरी प्राथमिकता है कि पण्डरिया क्षेत्र के सभी किसानों की समस्याओं का समाधान किया जाए और उनका जीवन स्तर ऊंचा उठे।

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पण्डरिया के एम. डी. उत्तर कुमार कौशिक ने बताया कि पेराई सत्र 2024-25 में गन्ना विक्रेता कृषकों से एफआरपी 315.10 प्रति क्विंटल के मान से गन्ना खरीदी की गई थी जिसका कुल भुगतान योग्य राशि 47.31 करोड़ रूपए है जिसमे से 7.85 करोड़ पूर्ण में किसानों को भुगतान किया जा चूका था, साथ ही एन.सी.डी.सी नई दिल्ली से कारखाना निर्माण के लिए कार्यशील पूंजी ऋण 16.36 करोड़ का भी भुगतान किया गया था। गन्ना भुगतान शेष राशि रू. 39.46 करोड़ में से 20.27 करोड़ राशि का 06 दिसंबर 2025 से 05 जनवरी 2025 तक के कुल 5333 गन्ना विक्रेता कृषकों को 315.10 रू. प्रति क्विंटल के मान से 22 मई 2025 को जारी किया गया है एवं शेष राशि का भुगतान अतिशीघ्र किया जाएगा।


## गुलाब डड़सेना सहायक संचालक के पद पर हुए पदोन्नत अधिकारी एवं मीडिया प्रतिनिधियों ने दी बधाई



**कवर्धा, 23 मई।** छत्तीसगढ़ शासन के जनसंपर्क विभाग द्वारा विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा पर चार सहायक जनसंपर्क अधिकारियों को पदोन्नत करते हुए सहायक संचालक के पद पर पदस्थ किया गया है। विभागीय पदोन्नति समिति 08 अप्रैल 2025 की अनुशंसा के आधार पर विभाग द्वारा आज 22 मई को महानदी भवन, मंत्रालय से आदेश जारी किया गया।पदोन्नत होने वाले अधिकारियों में कमलेश कुमार साहू, गुलाब कुमार डड़सेना, रमेश भार्गव एवं श्रीमती रीनू ठाकुर शामिल हैं। इन सभी अधिकारियों को वेतन मैट्रिक्स लेवल-12 (56100-177500 रुपये) में सहायक संचालक पद पर पदस्थ किया गया है। पदोन्नति के पश्चात गुलाब कुमार डड़सेना ने जिला जनसंपर्क कार्यालय, कबीरधाम में सहायक संचालक के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

# युक्तिकरण से 4000 हजार सरकारी स्कूल बंद हो जाएंगे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 23 मई।** भाजपा सत्ता में आने के बाद आपा खोकर शिक्षा विभाग को मानो प्रयोगशाला बना लिया, जहां प्रदेश की भाजपा सरकार मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान चलाकर शिक्षा विभाग को सुधारने का ढोल पीट रही है।उक्त बातें कांग्रेस सरकार के पूर्व गृहमंत्री व दुर्ग ग्रामीण विधायक रहे ताम्रध्वज साहू ने प्रदेश के विष्णुदेव सरकार पर तंज कसते हुए कही। वही दूसरी ओर स्कूली विभाग के शालाओं और शिक्षको का युक्तिकरण के कदम से पूरे प्रदेश भर में तकरीबन 4000 हजार सरकारी स्कूल बंद हो जायेगे, वहा कार्यरत स्कूल के सफाई कर्मी और बरसात, ठंड व गर्मी में बच्चो को आग में तपकर दशको से मिड डे मिल बनाने वाले हजारों रसोईया, सफाई कर्मी बेरोजगार हो जायेगें।उन्होने कहा नियमो को देखकर लगता है, सरकारी स्कूल शिक्षा का मंदिर की गांरटी नहीं वरण सिर्फ भोजन की गांरटी बन कर रह जायेगा, कैसे बढ़ेगी शिक्षा की गुणवत्ता, जब सेटअप ही रहेगा कमजोर, हजारो डिग्रीधारी युवा वर्ग बेरोजगार हो जायेंगें, वही विडम्बना है, कि मातृशक्ति को सम्मान देने महतारी वंदना में एक हजार देकर वाहवाही बटोर रही है सरकार।ताम्रध्वज साहू ने कहा नये सत्र से 67 नई शराब दुकान खोलने से युवाओं में शराब पीने का क्रेज बढ़ते जा रहा है, शराब लोगो को आसानी से हाथो हाथ मिल रही है, प्रदेश में कानून व्ययवस्था बिगड़ते जा रहा है, अपराध लूट, डकैती, हत्या, चोरी, लुटपाट सहित अपराध का गढ़ बन रहा है छत्तीसगढ, वही प्रदेश सरकार सुशासन राज का डिंडोरा पीट रहा है, जनता सरकार के मनमानी रवैये का समय पर जबाव जरुर देगी। ग्रामीणों द्वारा लगातार पेयजल, कानून व्यवस्था, भारतमाला परियोजना, मनरेगा का सुचारु रुप से कार्य नही होना, गांव में अवैध शराब बिकना, बिजली कटौती, अवैध खनन जैसे कई समस्याएं है।

### एक राष्ट्र -एक चुनाव लोकतंत्र को गति देने की दिशा में सार्थक कदम : पाण्डेय

**भिलाई, 23 मई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच एक राष्ट्र, एक चुनाव को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सेमिनार का आयोजन सेक्टर - 4 में हुआ।

यंगिस्तान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय उपस्थित रहे। पाण्डेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र का सार असहमति से सहमति की ओर बढ़ना है। यदि हर कोई एक मत हो, तो लोकतंत्र का कोई औचित्य नहीं रह जाता। देश का संविधान इसीलिए समावेशी है क्योंकि उसमें देश के हर कोने से आए प्रतिनिधियों की आवाज शामिल है।

## मातृ शक्तियों के सुहाग के सम्मान में नगर पंचायत पाटन ने निकाली सिंदूर यात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**उतई, 23 मई।** भारतीय सेना के शौर्य एवं साहस से सफल हुए ऑपरेशन सिंदूर पर सेना के जवानों के सम्मान और उत्साहवर्धन हेतु तिरंगा यात्रा निकाली गई थीइसी परिपेक्ष्य में 21/05/02025 को नगर पंचायत पाटन के द्वारा मातृ स्वरूपा माताओं ,बहनों के सिंदूर की रक्षा, सम्मान के लिए आज सिंदूर यात्रा निकली गई, जिसमें नगर पंचायत पाटन अध्यक्ष योगेश निक्की भाले , नगर पंचायत सीएमओ श्री हेमंत वर्मा, इंजीनियर श्री अर्जुन कुमार निर्मलकर , सभापति केवल देवांगन ,पाटन मंडल अध्यक्ष श्रीमति रानी बंछोर, पार्षद श्रीमति अन्नपूर्णा पटेल, पार्षद श्रीमति संगीता धुरंधर, रीना भाले, सुषमा देवांगन, सेजल भाले, दामिनी देवांगन ,केशव बंछोर, अखिलेश मिश्रा, शरद वर्मा ,चिरंजीव देवांगननगर पंचायत पाटन के सभी कर्मचारी गण एवं पाटन नगरवासी उपस्थित थे।

### 75 लोगों से ठगी करने वाला गिरफ्तार




**भिलाई,23 मई।** भिलाई महिला समूह के 75 हितग्राहियों से ठगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है भिलाई-3 की घटनालोन, आरडी और प्रीपेमेंट के रकम को किया गबन एएसपी ( शहर ) सुखनंदन राठौर ने बताया कि भारत फायनेंसियल इन्क्लूजन लिमिटेड भिलाई तीन शाखा प्रबंधक भुनेश्वर कुंजाम ने शिकायत किया कि महिला समूह के महिलाओं से लोन, आरडी, प्रीपेमेंट व किश्त भुगतान 7 लाख 73 हजार 588 रुपए का गबन किया गया यह गबन डोंगरीपाली निवासी संगम मैनेजर गोविंदराम के लोन का पैसा, आरडी का पैसा, प्रीपेमेंट का पैसा वसुल कर कुछ रकम शाखा में जमा कर बाकी अपने पास रख लेता था। बायोमैट्रिक लेने का झांसा देकर फिनो एप की सहायता से स्वीकृत लोन की रकम स्वयं निकाल लिया करता था कार्रवाई में पुरानी भिलाई टीआई अंबर सिंह भारद्वाज सहायक समेत इनकी टीम का योगदान रहा है ।

**शिविर**



### ग्राम कनाकोट निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ 34 मरीजों ने उठाया

पंचायत भवन ग्राम कनाकोट मे निःशुल्क परामर्श एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया 7 इस स्वास्थ्य शिविर में 34 मरीज ने स्वास्थ्य लाभ लिया सभी मरीजों का बीपी सुगर स्कैनिंग कर उचित परामर्श दिया गया। इस शिविर में डॉ आकाश साहू, ललित कुमार साहू , अनिकेत ताम्रकार,जया कुंजाम, रीना चंद्राकर ,चिम्मन ठाकुर श्री मति चेतना साहू, राधेश्याम साहू, सरपंच श्रीमती चमेली देशलहरे एवं

## सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराने पर शौचालय ठेकेदार को हटाएं : महापौर



**रिसाली,23 मई।** सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था को देखते हुए महापौर शशि सिन्हा एक्शन मोड में नजर आई। बृहस्पतिवार को हुए महापौर परिषद की बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि साफ-सफाई और आमजनों को दी जाने वाली सुविधाएं ठीक नहीं होने पर एजेंसी को निलंबित कर नए एजेंसी को कार्य दें। दरअसल कुछ दिन पूर्व महापौर ने वार्ड 17 और 18 विजिट की थी। तब महापौर को शिकायत मिली थी कि शौचालय केयर टेकर मनमानी करते है। इसी शिकायत को आधार बनाते हुए महापौर परिषद के सदस्यों ने सभी 29 शौचालय की समीक्षा की। महापौर परिषद के सदस्यों ने स्पष्ट कहा कि रखरखाव ठीक नहीं रखने वाले एजेंसी को निगम तत्काल हटाए। परिषद की बैठक में जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, सनीर साहू, संजू नेताम, डॉ. सीमा साहू, ममता यादव आदि उपस्थित थे। महापौर परिषद के बैठक में बारिश के पूर्व नाले की सफाई पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही निर्माणाधीन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की गुणवत्ता पर ध्यान देने कहा। निगम क्षेत्र में कुल 300 वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनना है। अब तक 85 स्थानों पर कार्य आरंभ है।

## सीवरेज लाइन से प्रभावित हितग्राहियों को लॉटरी से मिला स्थायी पीएम आवास



**भिलाई, 23 मई।** नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में लॉटरी पद्धति से खुर्सीपार बैक लाईन सीवरेज सिस्टम के ऊपर अवैध कब्जाधारी 12 हितग्राहियों को लॉटरी के माध्यम से मकान आबंटन किया गया। महापौर नीरज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू एवं एम.आई.सी. के सदस्यों की उपस्थिति में लॉटरी प्रक्रिया रखी गई। इसमें जो हितग्राही नियमानुसार अपनी धरोहर राशि जमा कर दिए थे, उन्हें मोर चिन्हारी योजना अंतर्गत मकान लॉटरी के माध्यम से आवंटित किया गया। हितग्राहियों को विशेष प्रावधान के तहत उनके द्वारा मात्र 75000 रुपये जमा करने पर मकान आवंटित किया जा रहा है। इसमें से 8 हितग्राही पूर्ण राशि जमा कर दिए हैं। 4 हितग्राही ऐसे हैं जिनके पास पूरी राशि नहीं होने के कारण वे 25000 रुपये जमा किए हैं। उन्हे विशेष वरीयता देते हुए प्रावधिक रूप से मकान आबंटित किया गया है। जब वे शेष राशि 50000 और जमा कर देंगे, तभी उन्हें पूर्ण कालिक आवंटन पत्र प्राप्त होगा। महापौर पाल ने खुर्सीपार क्षेत्र के उपस्थित हितग्राहियों से कहे कि बाकी लोग भी शीघ्रता से पैसा जमा कर दें। सबको कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे खम्हरिया बी-1 ब्लॉक में मकान आवंटन किया जाएगा, जो पहले आएगा उसे पहले मकान प्राप्त हो जाएगा।

# लोहा चोर यदि चोरी करना छोड़ दें तो सबको रोजगार देने की अनोखी पेशकश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 23 मई।** नगर निगम के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने अपने नियमित भ्रमण के दौरान बृहस्पतिवार को खुर्सीपार के श्रीराम चौक स्थित क्षेत्र के विभिन्न वार्डों का भ्रमण किया । जिसमें प्रमुख रूप से निर्माणाधीन सीवरेज सिस्टम का अवलोकन करने के लिए वे जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे एवं निर्माणकर्ता एजेंसी के साथ पहुंचे। वहां पर सीवरेज सिस्टम के सभी चेम्बर के ढक्कन गायब मिले, इस पर उन्होंने पूछा ऐसा क्यों है ? जोन की सहायक अभियता प्रिया खैरवार ने बताया कि निर्माण के बाद जितने भी सीवरेज के चेम्बर बने थे, सभी के ढक्कन चोरी हो जा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने भी बताया कि मोटे-मोटे स्लैब को लोहा चोर तोड़ कर ले जा रहे हैं। निर्माणाधीन एजेंसी ने कहा कि जितनी मेहनत लोहा चोर स्लैब तोड़कर लोहा चोरी करने में करते हैं उतनी ही मेहनत यदि उनकी संस्था में आकर करें तो वे उन्हें नौकरी में रख लेंगे। नियमानुसार उन्हें वेतन का नियमित भुगतान करेंगे। लोहा चोर यदि चोरी करना छोड़ दें तो वे सबको रोजगार में रख लेगें। एजेंसी को काम करने वालों की आवश्यकता है। निगम भिलाई क्षेत्र में लोहा चोरो की सक्रियता बढ़ गई है। जाली, फैसिंग, ग्रील, बैरीकेट इत्यादि काटकर रात में ले जा रहे हैं। जिसके बारे में थानों में एफ.आई.आर. भी दर्ज कराया गया है। फिर भी चोरी कम नहीं हो रही है, निगम क्षेत्र के कबाड़ियों को चोरी का लोहा बेचा जा रहा है। आयुक्त ने अधिकारीयों को सख्त निर्देश दिए हैं कि जितने भी कबाड़ी वाले चोरी का लोहा खरीद रहे हैं, उनका पता लगाओ। जानकारी मिलने के बाद सभी का गुमाश्ता एवं ट्रेड लाईसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। लोहा चोरों एवं कबाड़ियों की मिलीभगत से ही चोरियां हो रही हैं। भ्रमण के दौरान कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, चंदन निर्मलकर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, सुपरवाईजर वेंकट राव आदि उपस्थित रहे।

# भिलाई इस्पात सियान सदन की संवेदना लोहे से भी है मजबूत



**भिलाई, 23 मई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की पहचान सिर्फ उसकी इस्पात उत्पादन क्षमता से नहीं होती, बल्कि उस विचारधारा से होती है, जो देश की नींव रखने के साथ-साथ मानवीय मूल्यों को भी संजोए रखती है। एक ऐसा औद्योगिक नगर, जो 23,000 एकड़ में फैला होने के बावजूद, एक परिवार की तरह धड़कता है। स्कूल, अस्पताल, खेल मैदान, बाज़ार और इन सबसे आगे – अपनापन। और यही अपनापन झलकता है भिलाई इस्पात सियान सदन की इमारत में, जो न केवल एक आश्रय स्थल है, बल्कि उम्र के आखिरी पड़ाव पर उम्मीदों का घर भी है। भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना 1955 में भारत और तत्कालीन सोवियत रूस की साझेदारी से हुई थी। 1956 में जब रूसी विशेषज्ञों का दल संयंत्र की शुरुआत के लिए भारत आया, तो उन्हें दुर्ग स्टेशन के पास दो कमरों वाले एक गेस्ट हाउस में ठहराया गया। बाकी रूसी इंजीनियरों ने उसी परिसर में टेंट लगाकर रहना शुरू किया। इसके सामने वाली वह जगह थी, जहां बाद में भिलाई हाउस का निर्माण हुआ, एक स्थायी निवास स्थान, जिसने इस औद्योगिक रिश्ते को मानवीय गरिमा दी है। समय के साथ इस भवन का एक हिस्सा विकसित होता गया और 2010 में वह सियान सदन के नाम से जाना जाने लगा, एक ऐसा आश्रय जो लोहे के इस शहर में संवेदना की छांव बनकर उभरा। 22 मई 2010 को जब भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्कालीन कार्यपालक निदेशक पी. के. अग्रवाल ने सियान सदन का उद्घाटन किया था, तब यह मात्र 20 कमरों की सुविधा थी। लेकिन आज, इसकी दीवारों में बुजुर्गों की मुस्कराहटें, उनके अनुभव और आत्मसम्मान की गूंज समाई हुई है। 2024 में जब इसके 20 और कमरे जोड़े गए, तब यह सिर्फ एक विस्तार नहीं था, यह एक विचार था कि उम्र चाहे कोई भी हो, इज्ज़त और सहारा हर किसी का अधिकार है। कुल 40 कमरों में से 30 डबल ऑक्यूपेंसी वाले हैं, जहाँ दो वरिष्ठजन एक साथ रह सकते हैं, जबकि 10 कमरे सिंगल ऑक्यूपेंसी वाले हैं, जो उन्हें निजता और शांति प्रदान करते हैं जो अकेले रहना पसंद करते हैं। सियान सदन की आत्मा तब और गहराई पाती है, जब हम उसके निवासियों की कहानियों में उतरते हैं। उन्हीं में से एक हैं बी. एल. धींगड़ा, एक ऐसा नाम, जो विभाजन के दर्द से लेकर राष्ट्र निर्माण की यात्रा तक का साक्षी रहा है। आज धींगड़ा जी सियान सदन में हैं। हर सुबह उनके लिए सिर्फ चाय नहीं, साथियों की मुस्कान है। हर दोपहर भोजन के साथ सम्मान है, और हर शाम कुछ पल साझा करने के लिए एक कंधा है। स्वाभिमान के साथ अपनी कर्मभूमि भिलाई में परिवार,मित्रों और रिश्तों से जुड़े हुए हैं। भिलाई इस्पात सियान सदन सिर्फ ईंट-पत्थरों से बनी इमारत नहीं, बल्कि भिलाई इस्पात संयंत्र की उस सोच का विस्तार है, जो अपने कर्मियों को कभी अकेला नहीं छोड़ती।

## आम्रपाली कॉलोनी की कार्यकारिणी में ज्योति नारायण अध्यक्ष एवं सरिता मिश्रा बनीं उपाध्यक्ष

**भिलाई, 23 मई।** आम्रपाली कॉलोनी के क्लब हाउस में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कॉलोनी के सर्वांगीण विकास, सुव्यवस्थित संचालन एवं सामूहिक सहभागिता को ध्यान में रखते हुए नवगठित कार्यकारिणी समिति 2025 का सर्वसम्मति से गठन किया गया। जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया - अध्यक्ष - श्रीमती के. ज्योति नारायण, उपाध्यक्ष - श्रीमती सरिता मिश्रा एवं परविंदर सिंह, महासचिव - रवि सोनी, कार्यकारी अध्यक्ष - राजू भोजक, कोषाध्यक्ष - दिलीप नामदेव, सह-कोषाध्यक्ष - रणधीर कपूर, सह-सचिव - अखिलेश प्रताप सिंह, संरक्षक मंडल - पी. एस. सिंह, राजा राव, राजू बघेल, महेन्द्र यादव, जी.डी. अग्रवाल, समीक्षक - आर.एस. पासी, प्रवक्ता - नवल किशोर साहू, राजेश अग्रवाल, कानूनी सलाहकार- रणजीत मिश्रा, कार्यकारिणी सदस्यगण- रवि गोडवानी, रोहित केसरवानी, नरसिंह अग्रवाल, गुरमीत सिंह, पारस यादव, अवधेश कुमार, विजय जायसवाल। आम्रपाली कॉलोनी के अशोक गोयल ने उक्ताशय की जानकारी देते हुए बताया कि सभी मनोनीत पदाधिकारी शीघ्र ही अपने-अपने पदभार ग्रहण करेंगे ।

संपादकीय

# सुरक्षा बलों की एक और बड़ी सफलता

शतप्रतिशत सफलता की तैयारी के बाद जोखिम उठाने वाला आक्रामक नेता होता है तो बड़ी से बड़ी सफलता आसान होती है।बसव राजू मारा गया है, वह सीपीआई माओवाद का सर्वोच्च नेता यानी महासचिव था। वह सेंट्रस मिलिट्री कमेटी के प्रमुख लड़ाकू दस्ते का प्रमुख था, उस पर कुल मिलाकर पांच करोड़ का इनाम था, अब तक बस्तर में जितनी भी बड़ी घटनाएं हुई, ज्यादातर में उसका हाथ था। उसी ने बस्तर के युवाओं के हाथ में बंदूक दी थी। उनको नक्सली बनाया था। उन्हीं युवाओं ने डीआरजी के रूप मे उसका खात्मा किया है। आज लगता है कि यह कोई मुश्किल काम नहीं था।यह तो पहले भी किया जा सकता था लेकिन ३० साल हो गए बस्तर में नक्सलवाद के आज तक ऐसा नहीं हुआ था कि नक्सलियों का सबसे मजबूत गढ़ ध्वस्त किया जा सके,नक्सलियों का सबसे बड़ा नेता मारा जा सके। पहले तो नक्सलियों के बड़े नेता बस्तर आते थे, उनकी सूचना नहीं मिल पाती थी, उनको पकड़ने का सपना भी सरकार व सुरक्षा बल के जवान नहीं देखते क्योंकि यह तो असंभव माना जाता था।इसी तरह पता तो सबको था कि नक्सलियों का सबसे मजबूत गढ़ कहां कहां है लेकिन उस गढ़ को ध्वस्त करने की दूर वहां जाने की कल्पना भी सरकार व सुरक्षा बल नहीं करते थे क्योंकि तब बस्तर में नक्सलियों की समानांतर सरकार चला करती थी। तब बस्तर में वही होता था जो नक्सली चाहते थे, नक्सली रास्तों पर बैनर टांग देते थे कि इसके बाद उनके साम्राज्य की सीमा शुरु होती थी यानी उस इलाके में जाने की इजाजत नहीं थी,तब की सरकार व सुरक्षा बल भी इस बात का स्वीकार करते थे और उनके इलाके में कोई जाता नहीं थी, किसी को भेजा नहीं जाता था। असंभव के संभव करने का काम नेता को होता है,पहले कोई ऐसा नेता ही नहीं था जो सोच सके कि नक्सलियों का खात्मा किया जा सकता है, नक्सलियों के सबसे बड़े गढ़ को ध्वस्त किया जा सकता है, नक्सलियों के सबसे बड़े नेता को बस्तर में घेर कर मारा जा सकता है।कभी नक्सली रहे डीआरजी के जवान ही ऐसा कर सकते हैं। पहले जो असंभव समझा जाता है पिछले दो महीने में सुरक्षा बल के जवानों ने संभव कर दिखाया है। सुरक्षा बल के जवान तो पहले भी थे लेकिन वह नक्सलियों के हाथों मारे जाते थे, अक्सर यह खबर पढ़ने को मिलती थी किसी जगह नक्सलियों ने सुरक्षा बल के जवानों को घेर कर मार दिया। सुरक्षा बल के जवान बस्तर में खुद को बचा नहीं पाते थे।जब चाहे नक्सली उन पर हमला करते थे और मार देते थे।।य सरकार के आने के बाद आज स्थिति पूरी तरह बदल गई है। पहले नक्सलियों के हाथों जवान मारे जाते थे अब जवानों के हाथों नक्सली मारे जाते हैं।बस्तर में कहीं भी नक्सलियों के होने की पुख्ता सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में जवान उस जगह पहुंचते हैं और नक्सलियों को घेर कर मारते हैं।बस्तर में बड़ा परिवर्तन यह हुआ है कि अमित शाह की आक्रामक रणनीति के चलते बस्तर में नक्सलियों से ज्यादा संख्या में जवान हैं, कितना भी बड़ा आपरेशन चलाना हो, कितने ही दिन आपरेशन चलाना हो, सब आज इसीलिए संभव है। पहले इस बात की कल्पना नही की जा सकती थी कि नक्सलियों के खिलाफ उनके ही गढ़ में २१ दिन तक आपरेशन चलाया जा सकता है,आज अमित शाह जैसे नेता के कारण ऐसा आसानी से किया जा रहा है और गढ़ पर विजय प्राप्त कर नक्सलियों का सफाया भी किया जा रहा है। इसकी सबसे बडी वजह है कि आज सुरक्षा बल के जवानों को पक्की सूचना मिल रही है, वह बस्तर में बड़ी संख्या में हैं,नक्सलियों का उनमें जरा भी खौफ नहीं है, जवानों का खौफ नक्सलियों में है। नक्सलियों की संख्या मारे जाने, सरेंडर करने व पकड़े जाने से निरंतर कम होती जा रही है, नक्सली बस्तर में कमजोर होते जा रहे हैं। उनका प्रभाव सीमित होता जा रहा है, उसके सबसे बड़े नेता को आज बस्तर में डर रहता है कि कहीं वह जवानों के हाथों मारा न जाए क्योंकि उनके मूवमेंट की खबर सुरक्षा बलों तक जल्दी पहुंचती है और सुरक्षा बल वह जहां होते हैं, वहां आसानी से पहुंच जाते है। फिर चाहे वह बड़ा नेता बसवराजू हो सुरक्षा बल के हाथों मारा जाता है। नक्सलियों के सबसे बड़े गढ़ के ध्वस्त होने,उसके सबसे बड़े नेता बसवराजू के मारे जाने से सरकार भी उत्साहित है, उसे लग रहा है कि अमित शाह ने ३० मार्च २६ नक्सलवाद के खात्मे की जो तारीख तय की है, नक्सलियों का सफाया तो बस्तर से उससे पहले हो सकता है। नक्सलियों के सबसे बड़े नेता के मारे जाने से अब नक्सली नेतृत्वविहीन हो गए है, बचे खुचे नक्सली में उनके मारे जाने का डर भी और बढ़ गया होगा। इसका परिणाम यह हो सकता है कि मारे जाने के खौफ से बस्तर में नक्सली और बड़ी संख्या मे सरेंडर करें। बसव राजू के मारे जाने से माना जा रहा है कि बस्तर में नक्सलियों की कमर टूट गई है।अब बस्तर में नक्सलियों का बच पाना बहुत ही कठिन हो गया है,क्योंकि चप्पे चप्पे पर सुरक्षा बलों के कैंप है, नक्सली बस्तर से भागना चाहे तो अब भाग भी नहीं सकते,उनकों छत्तीसगढ़ में ही मार दिया जाएगा किसी तरह बच गए तो पड़ोसी राज्यो में उनको ढेर किया जा रहा है। यही वजह है कि अब सरकार की तरफ से कहा जा रहा है कि कई बार नक्सलियों से सरेंडर करने को कहा जा चुका है, वह नहीं कर रहे हैं तो उनका सफाया तो तय है. यही वजह है कि बसव राजू के मारे जाने के बाद सीएम साय ने कहा है कि अब नक्सलियों से सरेंडर की अपील करने की जरूरत नहीं है। अब तो उनका नेता मारा जा चुका है,नक्सलियों के सामने दो ही रास्ते हैं जिंदा रहना है तो सरेंडर करेंन हीं तो सुरक्षा बलों को हाथों मारे जाए। आंकड़ों के मुताबिक ११ मई को आपरेशन ब्लैक फारेस्ट के बाद १० दिनों में ही ५४ माओवादियों को गिरफ्तार किया जा चुका है,८४ ने सरेंडर किया है,इस साल सरेंडर करने वाले नक्सलियों की संख्या ८०० से ज्यादा हो गई है, पिछले साल यह संख्या ९०० थी।नक्सली निरंतर मारे जा रहे है, उनके पास कोई बड़ा नेता नहीं है, उनके सामने अपने आपकों को बचाने का सवाल ही सबसे बड़ा सवाल है,यही वजह है कि उनकी तरफ से पांच बार शांति का प्रस्ताव आ चुका है। साय सरकार अब नहीं चाहती है कि छत्तीसगढ़ में कहीं पर नक्सलियों का नामोनिशां रहे, इसलिए वह जो टूक कह रही है कि बस्तर व छत्तीसगढ़ में शांति के लिए जरूरी है कि जितने भी नक्सली बचें है, वह सरेंडर करें और नक्सलवाद का खात्मा हो छत्तीसगढ़ में।

गंभीर समस्या

# किशोरों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति गंभीर चुनौती

ललित गर्ग



भारतीय बच्चों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति एवं क्रूर मानसिकता चिन्ताजनक है, नये भारत एवं विकसित भारत के भाल पर यह बदनुमा दाग है। पिछले कुछ समय से स्कूली बच्चों में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति निश्चित रूप से डरावनी, मर्मांतक एवं खौफनाक है। चिंता का बड़ा कारण इसलिए भी है क्योंकि जिस उम्र में बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास की नींव रखी जाती है, उसी उम्र में कई बच्चों में आक्रामकता एवं क्रूर मानसिकता घर करने लगी है और उनका व्यवहार हिंसक होता जा रहा है। कैथल जनपद के गांव धनौरी में दो किशोरों की निर्मम एवं क्रूर हत्या की हृदयविदारक घटना न केवल उद्वेलित एवं भयभीत करने वाली है बल्कि चिन्ताजनक है। चौदह-पंद्रह साल के दो किशोरों की गला रेतकर हत्या कर देना और वह भी उनके हमउम्र साथियों द्वारा, हर संवेदनशील इंसान को हिला देने वाली डरावनी एवं खैफनाक घटना है, जो किशोरों में पनप रहे हिंसक बर्ताव एवं हिंसक मानसिकता का घिनौना एवं घातक रूप है। जिस उम्र में बच्चों को पढ़ाई-लिखाई और खेलकूद में व्यस्त रहना चाहिए, उसमें उनमें बढ़ती आक्रामकता, हिंसा एवं क्रूरता एक अस्वाभाविक और परेशान करने वाली बात है। जाहिर है दसवीं-ग्यारहवीं के छात्रों की क्रूर हत्या हमारे समाज में बढ़ती संवेदनहीनता को भी दर्शाती है। ऐसी कई अन्य घटनाओं में स्कूल में पढ़ने वाले किसी बच्चे ने अपने सहपाठी पर चाकू या किसी घातक हथियार से हमला कर दिया और उसकी जान ले ली। अमेरिका की तर्ज पर भारत के बच्चों में हिंसक मानसिकता का पनपना हमारी शिक्षा, पारिवारिक एवं सामाजिक संरचना पर कई सवाल खड़े करती है। जैसाकि घटना से संबंधित तथ्यों में बताया गया कि हत्या में शामिल युवक धनौरी गांव के ही थे और कुछ दिन पहले किशोरों को धमकाने उनके घर आए थे। मारे गए किशोरों पर हत्या आरोपियों ने आरोप लगाया था कि वे उनकी बहनों से छेड़खानी करते थे। निश्चय ही ऐसे छेड़खानी के कथित आरोप को नैतिक दृष्टि से अनुचित ही कहा जाएगा, लेकिन उसका बदला हत्या कदापि नहीं हो सकती। यह दुखद है कि एक मृतक किशोर अरमान पांच बहनों का अकेला भाई था। घटना से उपजी त्रासदी से अरमान के परिवार पर हुए वज्रपात को सहज महसूस किया जा सकता है। उनके लिये जीवनभर न भुलाया जा सकने वाला दुख एवं संत्रास पैदा हुआ है। बड़ा सवाल है कि जिन वजहों से बच्चों के भीतर आक्रामकता एवं हिंसा पैदा हो रही है, उससे निपटने के लिए क्या किया जा रहा है? पाठ्यक्रमों का स्वरूप, पढ़ाई-लिखाई के तौर-तरीके, बच्चों के साथ घर से लेकर स्कूलों में हो रहा व्यवहार, उनकी रोजमर्रा की गतिविधियों का दायरा, संगति, सोशल मीडिया या टीवी से लेकर सिनेमा तक उसकी सोच-समझ को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों से तैयार होने वाली उनकी मनःस्थितियों के बारे में सरकार, समाजकर्मी एवं अभिभावक क्या समाधान खोज रहे हैं। बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा? बहरहाल, इस हृदयविदारक एवं त्रासद घटना ने नयी बन रही समाज एवं परिवार व्यवस्था पर अनेक सवाल खड़े किये हैं। सवाल नये बन रहे समाज की नैतिकता एवं चरित्र से भी जुड़े हैं। निश्चित ही किसी परिवार की उम्मीदों का यूं कत्ल होना मर्मांतक एवं खौफनाक ही है। लेकिन सवाल ये है कि चौदह-पंद्रह साल के किशोरों पर यूं किन्हीं लड़कियों को छेड़ने के आरोप क्यों लग रहे हैं? पढ़ने-लिखने की उम्र में ये सोच कहां से आ रही है? क्यों हमारे अभिभावक बच्चों को ऐसे संस्कार नहीं दे पा रहे हैं ताकि वे किसी की बेटी व बहन को यूं परेशान न करें? क्यों लड़कियों से छेड़छाड़ की अश्लील एवं कामूक घटनाएं बढ़ रही है। क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था में नैतिक शिक्षा का वह पक्ष उपेक्षित हो चला है, जो उन्हें ऐसा करने से रोकता है? क्या शिक्षक छात्रों को सदाचारी व नैतिक मूल्यों का जीवन जीने की प्रेरणा देने में विफल हो रहे हैं? हत्या की घटना हत्यारों की मानसिकता पर भी सवाल उठाती है कि उन्होंने क्यों सोच लिया कि छेड़खानी का बदला हिंसा एवं क्रूरता से गला काटना हो सकता है? धनौरी की घटना के पूरे मामले की पुलिस अपने तरीके से जांच करेगी, लेकिन किशोर अवस्था में ऐसी घटना को अंजाम देने के पीछे बच्चे की मानसिकता का पता लगाना भी ज्यादा जरूरी है। दरअसल, दशकों तक बॉलीवुड की हिंदी फिल्मों ने समाज एवं विशेषतः किशोर पीढ़ी में जिस अपसंस्कृति का प्रसार किया, आज हमारा समाज उसकी त्रासदी झेल रहा है। इसमें दो राय नहीं कि किशोरवय में राह भटकने का खतरा ज्यादा रहता है। अब तक हिन्दी सिनेमा से समाज के किशोरवय और युवाओं में गलत संदेश गया कि निजी जीवन में छेड़खानी ही प्रेम कहानी में तब्दील हो सकती है। हमारे टीवी धारावाहिकों की संवेदनहीनता ने गुमराह किया है। बॉक्स आफिस की सफलता और टीआरपी के खेल ने मनोरंजक कार्यक्रमों में ऐसी नकारात्मकता एवं हिंसक प्रवृत्ति भर दी कि किशोरों में हिंसक एवं अराजक सोच पैदा हुई। इंटरनेट के विस्तार और सोशल मीडिया के प्रसार से स्वच्छंद यौन व्यवहार का ऐसा अराजक एवं अनियंत्रित रूप सामने आया कि जिसने किशोरों व युवकों को पथभ्रष्ट एवं दिग्भ्रमित करना शुरू कर दिया। आज संकट ये है कि हर किशोर के हाथ में आया मोबाइल उसे समय से पहले वयस्क बना रहा है। जिस पर न परिवार का नियंत्रण है और न ही शिक्षकों का। 'मन जो चाहे वही करो' की मानसिकता वहां पनपती है जहां इंसानी रिश्तों के मूल्य समाप्त हो चुके होते हैं, जहां व्यक्तिवादी व्यवस्था में बच्चे बड़े होते-होते स्वछन्द हो जाते हैं। अर्थप्रधान दुनिया में माता-पिता के पास बच्चों के साथ बिताने के लिए समय ही नहीं बच पा रहा।

आज किशोरों एवं युवाओं को प्रभावित करने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व नये-नये एप पश्चिमी अपसंस्कृति से संचालित हैं। इन पर अश्लीलता और यौन-विकृतियों वाले कार्यक्रमों का बोलबाला है। ऐसे कार्यक्रमों की बाढ़ हैं जिनमें हमारे पारिवारिक व सामाजिक रिश्तों में स्वच्छंद यौन व्यवहार को हकीकत बनाने का खेल चल रहा है। पारिवारिक एवं सामाजिक उदासीनता एवं संवादहीनता से ऐसे बच्चों के पास सही जीने का शिष्ट एवं अहिंसक सलीका नहीं होता। वक्त की पहचान नहीं होती। ऐसे बच्चों में मान-मर्यादा, शिष्टाचार, संबंधों की आत्मीयता, शांतिपूर्ण सहजीवन आदि का कोई खास ख्याल नहीं रहता। भौतिक सुख-सुविधाएं एवं यौनाचार ही जीवन का अंतिम लक्ष्य बन जाता है। भारतीय बच्चों में इस तरह का एकाकीपन उनमें गहरी हताशा, तीव्र आक्रोश और विषैले प्रतिशोध का भाव भर रहा है। वे मानसिक तौर पर बीमार बन रहे हैं, वे आत्मघाती-हिंसक बन रहे हैं और अपने पास उपलब्ध खतरनाक एवं घातक हथियारों का इस्तेमाल कर हत्याकांड कर बैठते हैं।

ऑस्ट्रिया के क्लागेनफर्ट विश्वविद्यालय की ओर से किशोरों पर किए गए अध्ययन में पता चला है कि दुनिया भर में 35.8 प्रतिशत से ज्यादा किशोर मानसिक तनाव, अनिद्रा, अकारण भय, पारिवारिक अथवा सामाजिक हिंसा, चिड़चिड़ापन अथवा अन्य कारणों से जूझ रहे हैं। एकाकीपन बढ़ने से वे ज्यादा आक्रामक और विध्वंसक सोच की तरफ बढ़ने लगे हैं। मोबाइल व कथित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बह रहे नीले जहर से किशोर अराजक यौन व्यवहार एवं हिंसक प्रवृत्तियों की तरफ उन्मुख हुए हैं। किशोरों को समझाने वाला कोई नहीं है कि यह रास्ता आत्मघात का है। आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड व ब्रिटेन जैसे देश किशोरों को मोबाइल से दूर रखने हेतु कानून बना रहे हैं। हमारे देश में भी शीर्ष अदालत ने समय-समय पर ऐसी घटनाओं पर तल्ख टिप्पणियां की हैं। क्या इन दर्दनाक घटनाओं से हमारे अभिभावकों, समाज-निर्माताओं एवं हमारे सत्ताधीशों की आंख खुलेगी? बच्चों से जुड़ी हिंसा की इन वीभत्स एवं त्रासद घटनाओं से जिन्दगी सहम गयी है। हमें मानवीय मूल्यों के लिहाज से भी विकास एवं नयी समाज-व्यवस्था की परख करनी होगी। बच्चों के भीतर हिंसा मनोरंजन की जगह ले रही है। इसी का नतीजा है कि छोटे-छोटे स्कूली बच्चे भी अपने किसी सहपाठी की हत्या तक कर रहे हैं। बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा?

## आज का राशिफल

मेष आज का दिन बाकी दिनों के तुलना में बेहतर रहने वाला है। आपके किसी नई नौकरी के प्रयास बेहतर रहेंगे। व्यापार में भी आपको अच्छी योजना पर काम करने का मौका मिलेगा। परिवार में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आपका पूजा-पाठ में खूब मन लगेगा। आप कहीं घूमने फिरने जाने के प्लानिंग कर सकते हैं। आपके सहयोगी आपके कामों को बिगाड़ने की कोशिश करेंगे, जिनसे आपको बचाने की आवश्यकता है।

वृषभ आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहने वाला है। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है, क्योंकि किसी सदस्य को रिटायरमेंट जैसी कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको अपने भाइयों से प्रॉपर्टी को लेकर कुछ अनबन होने की संभावना है। आपको बड़े सदस्यों की बातों को मनाना बेहतर रहेगा। किसी काम में यदि आपने जल्दबाजी दिखाई, तो उसमें आपको नुकसान अवश्य होगा। कोई लेनदेन से संबंधित मामला आपको परेशान करेगा।

मिथुन आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपका बिजनेस में आप कुछ नये उपकरणो को भी शामिल कर सकते हैं। मित्रों के साथ आप कहीं घूमने फिरने जाने की प्लानिंग करेंगे। माताजी आपको कोई जिम्मेदारी दे सकती हैं, लेकिन आपको उससे पीछे नहीं हटाना है। आपके परिवार में किसी सदस्य के मनमाने व्यवहार के कारण थोड़ी समस्या रहेगी। आप अपने रुके हुए कामों को भी पूरा करने की पूरी कोशिश करेंगे।

कर्क आज का दिन आपके मान सम्मान को बढ़ाने वाला रहेगा। किसी काम को लेकर आप लंबी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं। कानूनी मामलों में आप अपनी आंखों व कान खुले रखें, नहीं तो विरोधी आपका नुकसान करवाने की पूरी कोशिश करेंगे और आप किसी नए घर की खरीदारी कर सकते हैं, लेकिन आपको उसके जरूरी कागजातों पर पूरा ध्यान देना होगा। पिताजी आपके लिए कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आएंगे। आपको अपने भाई व बहनों का पूरा साथ मिलेगा।

सिंह आज का दिन आपके लिए खर्चों भरा रहने वाला है। आपके खर्च बेतहाशा बढ़ेंगे। व्यवसाय में भी आप परिवर्तन करने के बारे में सोच सकते हैं। संतान ने यदि किसी एग्जाम को दिया था, तो उसमे सफलता मिलेगी। आपके मन में किसी काम को लेकर टेंशन रहेगी। आपके ऊपर कोई आरोप लगा सकता है, क्योंकि कार्यक्षेत्र में आपकी पदोन्नति होने की संभावना है। आपको अपने खाने पीने की आदतों मे बदलाव लाना होगा।

कन्या आज का दिन आपके लिए किसी से दूर रहने के लिए रहेगा। आप किसी बाहरी व्यक्ति के मामले में पड़े, तो आपको बेवजह टेंशन रहेगी, जिसका असर आपके कामों पर भी पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में कोई आपके खिलाफ षड्यंत्र रच सकता है। जीवन साथी को कोई पेट से संबंधित समस्या होने की संभावना है। आपको अपने कामों को लेकर जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा। वाहनों का प्रयोग आप देखभाल कर करें, नहीं तो कुछ दुर्घटना होने की संभावना है।

तुला आज का दिन आपके लिए सावधान रहने के लिए रहेगा। आपको कुछ अपरिचित लोगों से दूरी बनाकर रखनी होगी। पार्टनरशिप आप सोच समझकर करें। आपको अपनी संतान की ओर से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है, लेकिन आप किसी प्रॉपर्टी में इन्वेस्टमेंट करेंगे, जो आपको भविष्य में अच्छा लाभ अवश्य देंगी। माता-पिता आपको काम को लेकर कोई सलाह दे सकते हैं। आपको अपने परिवार में सदस्यों से अच्छी बॉन्डिंग रहेगी।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। परिवार में किसी जन्मदिन व नामकरण आदि का मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है। आप अपने परिवार के किसी सदस्य के करियर को लेकर यदि परेशान चल रहे थे, तो उन्हें किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपने यदि धन उधार लिया था, तो इससे आपके आपसी रिश्तों में दरार पैदा हो सकती हैं।

धनु आज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में अच्छा रहने वाला है। आपका रुका हुआ धन मिलने से आपके काफी बिगड़े काम बनेंगे, जो आपको खुशी देंगे। आप अपने परिवार के सदस्यों के हित में कोई बड़ा डिसीजन ले सकते हैं, जिसमें आपको बुजुर्गों के सलाह की आवश्यकता होगी। आपके जीवनसाथी को आपकी कोई बात बुरी लगने से रिश्ते में खटपट होने की संभावना है इसलिए आपको थोड़ा सोच समझकर बोलना होगा।

मकर आज का दिन आपके लिए भागदौड़ भरा रहने वाला है। आप किसी वाद-विवाद से दूर रहें, नहीं तो समस्या बढ़ सकती हैं। आपके परिवार में सदस्यों के किसी पैतृक संपत्ति को लेकर कोई लड़ाई-झगड़ा खड़ा होने की संभावना है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रोका हुआ काम पूरा होगा। आपके भाई-बहन आपको किसी काम को करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। आपके मन में यदि किसी बात को लेकर संशय चल रहा है, तो आप उस काम को बिल्कुल ना करें।

कुंभ आज का दिन आपके लिए नुकसानदायक रहने वाला है। आपको अपने स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान देना होगा। आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा। यदि किसी सदस्य के विवाह में कोई बाधा आ रही थी, तो वह भी बातचीत के जरिए दूर हो सकती है। आपको किसी वाद-विवाद से दूर रहने की आवश्यकता है। परिवार के सदस्यों के साथ आप कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी।

मीन आज का दिन आपके लिए उतार-चढ़ाव से भरा रहने वाला है। आपको कोई शारीरिक समस्या होने की संभावना है। आप अपने व्यवसाय के किसी नुकसान को लेकर परेशान रहेंगे, जिसके लिए आप कोई लोन आदि भी ले सकते हैं। आपको जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करना होगा, नहीं तो आपकी कोई बात बुरी लग सकती है। संतान आपके भविष्य को लेकर आप कोई अच्छा प्लान ले सकते हैं। आपको अपने कामों को किसी दूसरे पर टालने से बचना होगा।

व्यंग्य

# नेता की मूँछ और सोच

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

हर साल 26 जनवरी आती है और जाती है। झंडा ऊपर जाता है, नेता नीचे बैठते हैं, और जनता वहीं खड़ी रहती है—जहाँ पिछले साल खड़ी थी। सरकारी स्कूल का बच्चा ठिठुरता हुआ कविता पढ़ता है—"जन-गण-मन अधिनायक जय हे..." और पीछे से मास्टर साहब उसकी ऊँची आवाज पर गौरवान्वित होकर मोबाइल पर व्यस्त रहते हैं—"हाँ जी, हमने झंडा फहरवा दिया।" मोहल्ले का छुटभैया नेता बड़बड़ाता है—"फोटो में मैं कम दिखा, वो ज़्यादा... अगली बार झंडे की डोरी मैं पकड़ूंगा।" झंडे की डोरी पकड़ना, जैसे देश की सत्ता पकड़ना हो। और जो झंडे को झुकाता है, वो खुद झुकने का आदी होता है। गली के नुक्कड़ पर टेढ़े माइक से बजता है—"भारत महान है।" पास ही पानवाला कहता है—"बिल्कुल! तभी तो हमारा देश हर साल से भी पिछड़ा महान बनता जा रहा है।" एक बच्चा पूछता है—"पापा, भारत कब सुपरपावर बनेगा?" बापू आँखें चुराकर कहते हैं—"जब नेता अंग्रेजी बोलना छोड़ देंगे और जनता हिन्दी समझना शुरू कर देगी।" नेताओं के भाषणों में 'विकास' इतना आता है जैसे हर मुहावरे में 'कबाड़ा' आ जाए। विकास शब्द का इतना विकास हुआ है कि अब वह नालियों में भी घुस गया है, और बाहर आने का नाम नहीं लेता। सरकारी अस्पताल में डॉक्टर साहब की कुर्सी खाली है, पर उनकी कुर्सी पर प्लास्टिक का फूल गुलदस्ते में सजा है। मरीज कराहता है—"डॉक्टर को बुलाओ।" नर्स कहती है—"वो दिल्ली गए हैं—रैली में, जनसेवा के लिए।" मरीज की हँसी छूट जाती है—"मुझे मार दो बहनजी, मगर ये मत कहो कि वो सेवा कर रहे हैं।" पास में बैठा मरीज कहता है—"सेवा अब स्लोगन है, इलाज तो अब ईश्वर भरोसे ही चलता है।" अस्पताल के बाहर लगे बोर्ड पर लिखा है—"जनकल्याण योजना के तहत मुफ्त इलाज।" अंदर मरीज की जेब में दवाई की पर्ची और जेब में सिर्फ खामोशी होती है। एक गाँव में पुलिया टूटी है। बच्चे पानी में कूदकर स्कूल जाते हैं, और अफसर साहब कहते हैं—"जल यात्रा से बच्चों में तैराक बनने का हुनर पैदा होगा।" गाँव वाले तालियाँ बजाते हैं, क्योंकि ये टेंडर पास करवाने की कला का सजीव प्रदर्शन है। प्रधानजी कहते हैं—"हमने प्रस्ताव भेजा है...पिछली बार भी भेजा था, पर रद्दी में चला गया।" एक पत्रकार सवाल करता है—"आप जनता की सेवा कब शुरू करेंगे?" प्रधान जी मुस्कराते हैं—"जनता के वोटों की सेवा तो हमने चुनाव में ही कर दी थी।"किसान आत्महत्या करता है। उसकी जेब से सुसाइड नोट नहीं, बैंक नोट का फार्म निकलता है। सरकार कहती है—"हम दुखी हैं।" फिर अगली सुबह अखबार में विज्ञापन छपता है—"हम किसानों के साथ हैं।" किसान का बेटा कहता है—"बापू नहीं रहे, पर बैंक का लोन अब भी साथ है।" खेत में फसल सूखती है, और सरकार में मंत्री का बयान आता है—"इस साल फसल अच्छी रही है, हमने रिपोर्ट भेज दी है।" शायद रिपोर्ट में गेंहू की जगह फाइलें उगती हों। राशन की दुकान पर 5 किलो चावल की पर्ची हाथ में लेकर खड़ा बुजुर्ग कांपते हुए कहता है—"बेटा, ये 'अन्न योजना' है या 'अन्य योजना', हमें तो अब भूख पर भरोसा करना पड़ता है।" दुकानदार जवाब देता है—"साहब, सिस्टम डाउन है।" सिस्टम, अब एक बहाना है, और गरीब उसका स्थायी ग्राहक। बच्चे कहते हैं—"हमको चॉकलेट चाहिए।" माँ कहती है—"बेटा, पहले गैस सिलेंडर आ जाए, फिर देखेंगे।" मेरे मोहल्ले में एक दिन फेरी वाला चिल्लाया—"जन-जन के लिए पॉलिसी, नेता जी की डिब्बा सेवा।" डिब्बा में क्या था, सबको पता था—पुराने वादे, अधूरी योजनाएं, और एक ताज़ा बायोडेटा। जनता पूछती है—"इस बार क्या दोगे?" नेता मुस्कराता है—"जो तुमने पहले लिया था, वही दोबारा, नए रैपर में।" जनता फिर से खुश हो जाती है, क्योंकि उसे भी आदत हो गई है बैरंग चिट्ठियों की। और अंत में, चुनाव के दिन एक बूढ़ा वोट डालने जाता है। बूथ पर अफसर पूछता है—"किसे वोट दोगे?" बूढ़ा चुप रहता है, और धीरे से कहता है—"जो पिछले पचास सालों से दे रहा हूँ—उम्मीद को।" अफसर कहता है—"फिर से वही?" बूढ़ा मुस्कराता है—"हाँ, क्योंकि हमारे पास उम्मीद के सिवा कुछ भी तो नहीं बचा।"

(आहिस्ता बोलो... कहीं जनतंत्र सुन न ले। वो बहुत बीमार है इन दिनों।)

# संवाद ही नक्सलवाद का स्थायी समाधान है !

सुनील कुमार महला



देश से माओवाद(नक्सलवाद) लगातार समाप्ति की ओर है, यह काबिले-तारीफ है। मीडिया रिपोर्ट्स बतातीं हैं कि छत्तीसगढ़ के बस्तर में सुरक्षाबलों ने बुधवार 21 मई को 27 माओवादियों को मार गिराया है। दरअसल, बस्तर संभाग के नारायणपुर, बीजापुर और दंतेवाड़ा ज़िलों की सीमा पर मुठभेड़(एनकाउंटर) में ये माओवादी मारे गए हैं। इस संदर्भ में हमारे देश के गृहमंत्री ने अपनी एक एक्स(ट्विटर) पर पोस्ट में यह लिखा है कि ' नक्सलवाद को ख़त्म करने की लड़ाई में एक ऐतिहासिक उपलब्धि। आज, छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में एक ऑपरेशन में हमारे सुरक्षा बलों ने 27 खूंखार माओवादियों को मारा है, जिनमें सीपीआई-माओवादी के महासचिव, शीर्ष नेता और नक्सल आंदोलन की रीढ़ नंबाला केशव राव उर्फ़ बसवराजू भी शामिल हैं।' उन्होंने आगे लिखा है कि-'नक्सलवाद के ख़िलाफ़ भारत की लड़ाई के तीन दशकों में ऐसा पहली बार है कि हमारे बलों ने एक महासचिव स्तर के नेता को मारा है. मैं इस बड़ी सफलता के लिए हमारे बहादुर सुरक्षा बलों और एजेंसियों की सराहना करता हूँ।' यह काबिले-तारीफ है कि ऑपरेशन 'ब्लैक फॉरेस्ट' के पूरा होने के बाद, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र में 54 नक्सलियों को गिरफ़्तार किया गया है और 84 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। यह दर्शाता है कि आज देश से माओवाद व माओवादी अंतिम चरण में हैं। पाठकों को बताता चलूं कि नक्सलवाद की शुरुआत 1967 में पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी गाँव में हुई थी, जहां भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के कुछ सदस्यों ने जमींदारों के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष शुरू किया था और इस आंदोलन में ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब किसानों और आदिवासियों का समर्थन था। नक्सलवादी यह मानते हैं कि भारत में कृषि श्रमिकों और भूस्वामियों के बीच वर्ग संघर्ष है, और साम्यवाद ही इस संघर्ष का सही समाधान है। नक्सली भूमि सुधारों या यूं कहें कि वे जमींदारों से भूमि को वापस लेकर गरीबों और किसानों में वितरित करने की मांग करते रहे हैं। उनकी यह सोच है कि सरकार के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष से ही वे देश और समाज में एक क्रांति ला सकते हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि वे आदिवासी लोगों के अधिकारों का समर्थन करते हैं और उन्हें भूमि और विभिन्न संसाधनों पर नियंत्रण दिलाने की मांग करते हैं। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि आज सरकार नक्सलवाद के खात्मे के लिए लगातार कदम उठा रही है। सरकार नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्रों में शांति स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध और कृतसंकल्पित है तथा सरकार ने नक्सलियों को समाज की मुख्यधारा में लौटने के लिए अनेक प्रयास किए हैं। पाठकों को बताता चलूं कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बहुत पहले यह बात कही थी कि -'यह सच है कि माओवादी हिंसा ने मध्य और पूर्वी भारत के कई जिलों की प्रगति को रोक दिया था। इसीलिए 2015 में हमारी सरकार ने माओवादी हिंसा को खत्म करने के लिए एक व्यापक 'राष्ट्रीय नीति और कार्य योजना' तैयार की। हिंसा के प्रति शून्य सहिष्णुता के साथ-साथ, हमने इन क्षेत्रों में गरीब लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए बुनियादी ढांचे और सामाजिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने पर भी ध्यान केन्द्रित किया है।' आज वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) या यूं कहें कि नक्सलवाद भारत की सबसे गंभीर आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों में से एक है।भारत सरकार 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है, क्योंकि नक्सलवाद को दूरदराज के इलाकों और आदिवासी गांवों के विकास में सबसे बड़ी बाधा है, क्योंकि यह शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कनेक्टिविटी, बैंकिंग और डाक सेवाओं को इन गांवों तक पहुँचने से रोकता है। बहरहाल, अच्छी बात यह है कि पिछले 10 वर्षों में, 8,000 से अधिक नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ दिया है, और परिणामस्वरूप, नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 20 से भी कम हो गई है। आंकड़े बताते हैं कि वामपंथी उग्रवाद की हिंसा की घटनाएं जो 2010 में अपने उच्चतम स्तर 1936 पर पहुंच गई थीं, 2024 में घटकर 374 रह गई हैं, यानी इसमें 81 प्रतिशत की कमी आई है। परंतु इसी बीच विशेषज्ञों का यह दावा है कि वर्तमान में माओवाद को खात्मे के रूप में देखना एक जल्दबाजी ही है। यह ठीक है कि आज केंद्र सरकार छत्तीसगढ़, बिहार, तेलंगाना से लेकर महाराष्ट्र तक नक्सलियों का सफाया करने के लिए पूरी तरह से अपनी कमर कस चुकी है और बीते दस-पंद्रह महीनों में माओवादियों के खिलाफ चल रहे सघन ऑपरेशन में चार सौ से ज्यादा संदिग्ध नक्सलियों के मारे जाने का भी दावा किया जा रहा है। माओवादियों के अनेक ठिकानों को आज नष्ट किया जा चुका है और समय-समय पर हथियार, गोला-बारूद की बरामदगी भी की गई है। पिछले कुछ समय से नक्सलियों को मिलने वाली आर्थिक मदद पर भी अंकुश लगा है। इतना ही नहीं नक्सली अब धीरे-धीरे समाज की मुख्यधारा में लौटने लगे हैं तथा नौजवानों का नक्सलवाद के प्रति आकर्षण भी तेजी से कमजोर पड़ा है, लेकिन नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने के लिए उनके साथ संवाद स्थापित करना बहुत आवश्यक है। आज जरूरत इस बात की है नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता देकर विकास को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इतना ही नहीं, जनजातीय/आदिवासी समुदायों के अधिकारों की रक्षा करना और उनके साथ शांति-संवाद स्थापित करना बहुत ही आवश्यक व जरूरी है। इसके साथ ही, सुरक्षा बलों को सुदृढ़ करते हुए मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए। वास्तव में, सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर, शिक्षा, और बेहतर जीवन स्थितियां उपलब्ध कराई जाएं। इसके साथ ही नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में रोजगार की पर्याप्त व्यवस्थाएं की जाएं तथा भ्रष्टाचार पर नियंत्रण स्थापित कर समाज से सामाजिक-आर्थिक विषमताओं को दूर करने के लिए प्रयास किए जाएं।पुनर्वास, भूमि सुधार और सामूहिक प्रयास तो आवश्यक हैं ही। ग़रीबी और भुखमरी का उन्मूलन हो।नक्सलियों को मिलने वाली स्थानीय मदद पर ठोस कार्रवाई की जाएं और इस पर अंकुश लगाया जाए। वास्तव में जनता की जागरूकता से ही नक्सलवाद का पूरी तरह से सफ़ाया संभव हो सकता है। गोली नक्सलवाद का हल नहीं है, संवाद ही नक्सलवाद का असली हल है।

# संकुल स्तरीय 15 दिवसीय समर कैंप का समापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 23 मई।** विकासखंड बकावंड अंतर्गत संकुल केंद्र इरिकपाल का संकुल स्तरीय समर केम्प का आयोजन मालगांव में आयोजन किया जा रहा था। 5 मई से 22 मई तक पंद्रह दिवसीय समर केम्प का समापन गुरुवार को सम्पन्न हुआ। समापन अवसर के मुख्य अतिथि एबीईओ डेन्सनाथ पांडे, अध्यक्षता सीएसी पवन समरथ, विशेष अतिथि सरपंच मालगांव श्रीमती कमला नाग, सरपंच धोबीगुड़ा संतोष कश्यप, पूर्व जनपद सदस्य भोलानाथ नाग, पूर्व सरपंच सीताराम नाग, उपसरपंच झूमुक लाल नाग तथा नोडल अधिकारी टी पी पांडे रहे। मुख्य अतिथि डेन्सनाथ पांडे ने इस दौरान कहा कि बच्चे कच्चे मिट्टी के समान होते है और गुरू कुम्हार के समान। गुरू कच्चे मिट्टी को एक आकार देकर बच्चे को समाज में अच्छे नागरिक के रूप में तैयार करता है. बच्चों को संबिधित करते हुए उन्होंने कहासमर केम्प में आप लोगों ने स्कूली गतिविधियों के अतिरिक्त अन्य कई नये नये चीजें सीखे होंगे, ये आपके जीवन को



प्रेरणा देंगे। कार्यक्रम को सीएसी पवन समरथ तथा समर केम्प के नोडल टी पी पांडे ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान स्कूली छात्राये चंचल सेठिया, दुलारी बघेल, रुद्राणी नाग, गीता अंजली तथा सृष्टि मंडल आदि ने समर केम्प में सीखे कार्यों के बारे में आपने अनुभव साझा किये। उन्होंने बताया कि केम्प में हम लोगों ने ड्राइंग, पेंटिंग, आर्ट एन्ड क्राफ्ट, खिलौना बनाना, सिंगिंग, डांस, ड्रामा के अलावा नैतिक शिक्षा, शारीरिक शिक्षा, बौद्धिक शिक्षा आदि के बारे में जाना। कार्यक्रम का संचालन एस एन राव ने किया। इस दौरान प्रधान अध्यापक श्रीमती फैमिदा खान, कुरसो राम ठाकुर, रघुनाथ कश्यप, जगदीश यादव, शीला बघेल, नीलमणी साहू, दशरथ कश्यप, मनोज सूर्यवंशी, ममता यादव, हेमंत आचार्य सहित इरिकपाल संकुल के शिक्षक-शिक्षिकाये तथा बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राये उपस्थित रहे।

## 24 आत्मसमर्पित नक्सलियों को कृषि उद्यमी प्रमाणपत्र वितरित



**सुकमा, 23 मई।** जिला प्रशासन द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति व्यवस्था कायम रखने और पुनर्वास की दिशा में निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इस हेतु कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में 24 आत्मसमर्पित नक्सलियों को भारतीय स्टेट बैंक, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सुकमा द्वारा 13 दिवसीय कृषि उद्यमी का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में आत्मसमर्पित युवाओं को कृषि से सम्बंधित प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केंद्र एवं संस्थान में सब्जी नर्सरी, धान की खेती, डेयरी, मुर्गीपालन, बकरी पालन, मछली पालन का प्रशिक्षण प्रदाय किया गया।

■ कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने समाज की मुख्य धारा से जुड़ने की अपील की

इसके साथ ही ओम प्रकाश साहू फैकल्टी के द्वारा उद्यमिता विकास कार्यक्रम सम्बंधित प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। प्रशिक्षण उपरांत श्री अरुण कुमार सोनी स्टेट कंट्रोलर के निर्देशन में सभी कैंडिडेट्स का असेसमेंट किया गया। असेसमेंट में सभी कैंडिडेटस पास हुए एवं उन्हें कलेक्टर महोदय के द्वारा उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कलेक्टर श्री ध्रुव के द्वारा समस्त आत्मसमर्पित नक्सलियों को समाज की मुख्य धारा में जुड़ने हेतु आग्रह किया गया। प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में लाइवलीहुड कॉलेज के लेखापाल क्रांति बघेल, संस्थान के कार्यालय सहायक कमलेश कुमार सिन्हा एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**सुकमा, 23 मई।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार तथा जिला प्रशासन सुकमा के मार्गदर्शन में जिले के मुख्यालय सुकमा में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 2025-26 का आयोजन 20 मई से 20 जून 2025 तक किया जा रहा है। जिला खेल अधिकारी श्री विरूपाक्ष पौराणिक ने बताया कि शिविर में भाग लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों का पंजीयन 20 से 23 मई तक किया जा रहा है। इस ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न खेलों की विधिवत ट्रेनिंग दी जा रही है। बैडमिंटन के लिए प्रशिक्षक नवरतन नांगडे, फुटबॉल के लिए शिवेंद्र सिंह ठाकुर और कराटे के लिए बसंत जेना द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त बालीबाल, क्रिकेट तथा एथलेटिक्स का भी प्रशिक्षण शिविर में शामिल किया गया है। शिविर में प्रशिक्षण दो सत्रों में प्रातः और सायं प्रत्येक एक घंटे के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर की विशेष बात यह है कि इसमें भाग लेने वाले खिलाड़ियों को निःशुल्क खेल सामग्री के साथ-साथ पौष्टिक आहार भी प्रदान किया जा रहा है, जिससे उनकी शारीरिक क्षमता में सुधार हो सके। प्रशिक्षण में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों के लिए पंजीयन फार्म भरना अनिवार्य किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए जिला खेल अधिकारी के मोबाइल नंबर 9425260430 पर संपर्क कर सकते हैं।

## खेलो इंडिया एकेडमी रायपुर में सुकमा की 8 महिला फुटबॉल खिलाड़ी चयनित



**सुकमा, 23 मई।** संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित आवासीय खेल अकादमी रायपुर में खेलो इंडिया एकेडमी सुकमा की 8 महिला फुटबॉल खिलाड़ियों का चयन हुआ है। यह चयन जिले की खेल प्रतिभाओं के लिए गौरव का विषय है और खेल क्षेत्र में उनके उज्ज्वल भविष्य की संभावनाओं को मजबूती प्रदान करता है।

■ प्रतिभाओं को मिला राज्य स्तरीय मंच

चयनित खिलाड़ियों में किच्चे ललिता (पोलमपल्ली), माड़वी पूजा (चिंतागुफा), संध्या नाग (कोकावाड़ा), शारदा प्रधानी (चिपुरपाल), लक्ष्मी सोढ़ी (करिगुण्डम, चिंतागुफा), सोढ़ी कोईन्दे (चिंतागुफा), माही कुंजाम (कोर्रा) और किच्चे लक्ष्मी (पोलमपल्ली) का नाम शामिल है। ये सभी खिलाड़ी सुकमा जिले की दूरस्थ क्षेत्रों से आकर अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर इस मुकाम तक पहुँची हैं। खेल अधिकारी श्री वीरूपाक्ष पौराणिक ने बताया कि रायपुर स्थित इस आवासीय खेल अकादमी में खिलाड़ियों को न केवल गहन खेल प्रशिक्षण दिया जाएगा, बल्कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पौष्टिक आहार, खेल परिधान, आवश्यक सामग्री और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भागीदारी का भी अवसर मिलेगा। यह सुविधा पूर्णतः आवासीय होगी, जिससे खिलाड़ी एक अनुशासित और समर्पित वातावरण में शिक्षा व खेल दोनों में आगे बढ़ सकें। खिलाड़ियों के चयन हेतु ट्रायल्स अप्रैल 2025 में राजधानी रायपुर में आयोजित किए गए थे। यह उपलब्धि सुकमा जिले के लिए न केवल गर्व की बात है, बल्कि जिले के अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरित करने वाली है।

## पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आनलाइन आवेदन की तिथि तय

**सुकमा, 23 मई।** जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज मेडिकत कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आई.टी. आई. आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत् अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछडा वर्ग के विद्यार्थियों, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है, को सूचित किया जाता है कि शिक्षा सत्र 2025-26 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही पर ऑनलाईन की जा रही है। जिसके अंतर्गत विभाग द्वारा ऑनलाईन आवेदन, प्रस्ताव, स्वीकृति वर्ष 2025-26 हेतु तिथि निर्धारित की गई है। आवेदन का नवीनीकरण विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन 31 मई 2025 तक, 31 अगस्त 2025 तक, 30 नवम्बर 2025 तक, स्वीकृति एवं डिसबर्स शासकीय 07 जून 2025 तक, 07 सितंबर 2025 तक, 15 दिसंबर 2025 तक। अशासकीय 10 जून 2025 तक, 10 सितंबर 2025 तक, 20 दिसंबर 2025 तक। संभावित भुगतान तिथि 10 जून 2025 तक, 10 सितंबर 2025 तक, 31 दिसबर 2025 तक तथा नवीन आवेदन के लिए विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन 31 अगस्त 2025 तक, 30 सितंबर 2025 तक, 30 नवम्बर 2025 तक स्वीकृति एवं डिसबर्स शासकीय 07 सितंबर 2025 तक, 07 अक्टूबर 2025 तक, 15 दिसंबर 2025 तक अशासकीय 10 सितंबर 2025 तक, 10 अक्टूबर 2025 तक , 20 दिसंबर 2025। संभावित भुगतान तिथि 10 सितंबर 2025 तक, 10 अक्टूबर 2025 तक, 31 दिसबर 2025 तक किया जायेगा। विद्यार्थियों को उनके आधार सीडेड बैंक खाते में भुगतान 07 कार्य दिवस में प्राप्त होगा। निर्धारित तिथि के पश्चात शिक्षा सत्र 2025-26 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाईन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जायेगा। ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक एवं सेक्सन ऑर्डर लॉक करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जायेगा। विस्तृत जानकारी हेतु संबंधित संस्थानों से अथवा जिला आदिवासी विकास विभाग कार्यालय से संपर्क कर सकते है।

## एक नजर

### किरंदुल को जल्द मिलेगी ट्रांसपोर्ट नगर की सौगात, 20 वर्ष पुरानी मांग हुई पूरी



**किरंदुल/दंतेवाड़ा, 23 मई।** औद्योगिक नगरी किरंदुल को जल्द ही एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। नगर में ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना की आधिकारिक घोषणा हो चुकी है, जिससे नगरवासियों की वर्षों पुरानी मांग अब साकार होने जा रही है। यह पहल नगर में सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक व्यवस्था और नागरिकों की सुविधा के लिहाज से एक ऐतिहासिक कदम मानी जा रही है। मुख्य मार्गों पर ट्रकों की अव्यवस्थित पार्किंग से उत्पन्न हो रही समस्याएं ,जैसे आए दिन दुर्घटनाएं, पैदल चलने वालों की जान को खतरा, और यातायात में रुकावट अब बीते दिनों की बात बनने वाली है। दरअसल, वर्तमान में ट्रक और बड़े वाहन मुख्य सड़कों के दोनों किनारों पर खड़े रहते हैं, जिससे रोज़ाना सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इससे न सिर्फ छोटे-बड़े वाहन चालकों को दिक्कत होती है, बल्कि आम नागरिकों को भी जान जोखिम में डालकर सड़क पार करनी पड़ती है। श्रीमती सिंह ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण रेलवे प्रशासन की ज़मीन पर किया जाएगा, हमने रेलवे प्रशासन से मांग किया हैं उम्मीद हैं जल्द ही भुमि आवंटित होगी। यह भुमि वार्ड क्रमांक 17 स्थित चटाईपारा और पुलिस थाना के बीच स्थित है। यह भूमि लीज पर मांगी गई है और यहां सभी आवश्यक सुविधाओं से युक्त ट्रांसपोर्ट नगर विकसित किया जाएगा।

### अधिकारियों की बैठक में आम जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान करने पर दिया बल

**सुकमा, 23 मई।** कमिश्नर बस्तर संभाग श्री डोमन सिंह ने गुरुवार को सुकमा जिले के अंतर्गत छिंदगढ़ ब्लॉक के औचक भ्रमण के दौरान ग्राम पाकेला के ग्रामीणों से रूबरू होकर बिजली, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य इत्यादि मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के बारे में पूछा। साथ ही उचित मूल्य दुकान से खाद्यान्न एवं अन्य जरूरी सामग्री की सुलभता, आंगनबाड़ी केन्द्रों में लक्षित बच्चों एवं माताओं को समेकित बाल विकास सेवाओं की उपलब्धता, भूस्वामियों को खसरा-बीवन प्रदाय, किसानों को किसान किताब का वितरण और खरीफ फसल सीजन हेतु खाद-बीज तथा फसल ऋण की सुलभता के बारे में जानकारी ली और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से अधिकाधिक लाभान्वित होने की समझाइश ग्रामीणों को दी। कमिश्नर ने सरपंच एवं अन्य पंचायत पदाधिकारियों को गांव के स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों के सुचारू संचालन सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास हेतु सकारात्मक सहयोग प्रदान किए जाने कहा। कमिश्नर श्री डोमन सिंह ने पाकेला के सामुदायिक भवन में अधिकारियों की बैठक में कहा कि इस दूरस्थ इलाके की जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान कर शासन की जनहितकारी योजनाओं से लाभान्वित किए जाने हेतु सार्थक प्रयास करें।

### तेज आंधी में झुकी हाई मास्क स्ट्रीट लाइट,हादसे की आशंका

**सुकमा, 23 मई।** नगर के सोढ़ी पारा क्षेत्र में स्थापित हाई मास्क स्ट्रीट लाइट बीते दिनों आए तेज़ आंधी-तूफान के कारण झुक गई है। यह स्ट्रीट लाइट उस समय लगाई गई थी जब मनोज देव पार्षद पद पर थे। स्थानीय लोगों में इस स्थिति को लेकर चिंता बनी हुई है, क्योंकि लाइट के झुक जाने से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ऋषभ गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि यह लाइट काफी ऊँचाई पर लगाई गई थी और इलाके की सुरक्षा व रौशनी के लिए बेहद जरूरी है। 21 तारीख को आए तूफान में इसकी स्थिति अस्थिर हो गई है।

### पांच दशक तक बस्तरवासियों की प्यास बुझाएगा 'जगदलपुर बैराज'

# बैराज निर्माण से जगदलपुर को मिलेगा जल समस्या का स्थायी समाधान:संजय

■ शहर की प्यास बुझाने मंत्री केदार कश्यप ने दिखाई संवेदनशीलता, बजट में शामिल कर महापौर ने की थी पहल

■ पेयजल, सिंचाई और रोजगार का केंद्र बनेगा जगदलपुर बैराजः संजय पाण्डे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**जगदलपुर, 23 मई।** बस्तर की जीवनदायिनी इंद्रावती नदी अब शहरवासियों की प्यास बुझाने के लिए नई राह खोलेगी। जगदलपुर शहर को लंबे समय तक निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जगदलपुर में 'बैराज' के निर्माण की योजना पर अब तेजी से काम शुरू होने वाला है। जलसंसाधन मंत्री केदार कश्यप की संवेदनशीलता एवं नगर निगम के महापौर संजय पाण्डे की पहल पर यह ऐतिहासिक कदम उठाया जा रहा है। जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप से चर्चा कर महापौर ने बैराज निर्माण की सहमति भी प्राप्त कर ली है। अब जल संसाधन विभाग से तकनीकी प्रस्ताव भी तैयार कराया जा रहा है। नगर निगम के वर्ष 2025-26 के बजट में इंद्रावती नदी पर प्रस्तावित बैराज निर्माण को शामिल किया गया है। विगत दिनों बस्तर प्रवास पर पहुँचे जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप से महापौर संजय पाण्डे, अध्यक्ष खेमसिंग देवांगन, एमआईसी सदस्यगण एवं नगर निगम के पार्षदों ने सौजन्य भेंट कर नगर निगम का बजट सौंपा था, जिसमें बैराज निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में प्रस्तुत किया गया था।महापौर ने जल संसाधन मंत्री को नगर निगम के बजट की प्रति सौंपते हुए बैराज निर्माण की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। मंत्री केदार कश्यप ने बैराज निर्माण को सैद्धांतिक रूप से स्वीकृति देते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया है। जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप इंद्रावती नदी के जल संकट को लेकर शुरू से ही गंभीर और संवेदनशील रहे हैं। छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मंत्री केदार कश्यप, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव और सांसद महेश कश्यप की संवेदनशीलता का ही परिणाम है कि आज इंद्रावती में लगभग 50 प्रतिशत जलप्रवाह सतत जारी है। उन्होंने समय-समय पर विभागीय अधिकारियों से रिपोर्ट मंगवाकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने बैराज निर्माण को लेकर प्रारंभिक स्तर पर सहमति देकर उन्होंने इस महत्वपूर्ण योजना को नई दिशा दी। शहरवासियों को दीर्घकालिक जल समाधान देने उनके निरंतर प्रयास प्रशंसनीय और दूरदर्शी कदम हैं। गौरतलब है कि इंद्रावती नदी में ग्रीष्मकाल शुरू होते ही जलस्तर तेजी से गिरने लगता है, जिससे फिल्टर प्लांट को जलापूर्ति में भारी परेशानी होती है। 2005 में बना एनीकट अब जवाब दे चुका है। नदी में जमा गाद और रेत के कारण वर्तमान में केवल 15-16 एमएलडी पानी ही मिल पा रहा है, जबकि आवश्यकता 19 एमएलडी की है। ऐसे में बैराज का निर्माण न केवल वर्तमान संकट का समाधान होगा, बल्कि भविष्य की आवश्यकताओं को भी पूरा करेगा। विधायक किरण देव ने कहा है कि इंद्रावती नदी पर प्रस्तावित बैराज क्षेत्र की जल जरूरतों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इससे पेयजल, सिंचाई और रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। साथ ही उन्होंने कहा है कि परियोजना के लिए हर संभव सहायता के लिये वे सदैव तत्पर हैं। महापौर संजय पांडे ने बताया कि इंद्रावती नदी के पुराने एनीकट की जलधारण क्षमता अब शहर की 2 लाख से अधिक आबादी के लिए नाकाफी हो चुकी है। ऐसे में बैराज निर्माण समय की मांग है। इससे भू-जल स्तर में भी सुधार होगा और आने वाले 50 वर्षों तक पेयजल संकट नहीं रहेगा। जगदलपुर बैराज अब न केवल पेयजल संकट का समाधान बनेगा, बल्कि यह बस्तर की सामाजिक-आर्थिक तस्वीर भी बदल सकता है। आने वाले वर्षों में यह परियोजना बस्तर के विकास की धुरी बनेगी - एक ऐसी धरोहर जो पीढ़ियों को पानी देगी और संभावनाओं को सींचेगी।

## कमिश्नर ने छिंदगढ़ में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहित बाल गृह का किया निरीक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 23 मई।** कमिश्नर बस्तर संभाग श्री डोमन सिंह ने गुरुवार को सुकमा जिले के छिंदगढ़ में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहित बाल गृह का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बिजली, जनरेटर एवं पेयजल सुविधा, शौचालय इत्यादि के बारे में जानकारी ली। साथ ही दवाईयों की उपलब्धता, पैथोलॉजी एवं एक्सरे जांच, संस्थागत प्रसव, आपातकालीन सेवाएं इत्यादि के सम्बंध में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। कमिश्नर ने सीएचसी के बाह्य रोगी एवं अंतः रोगी कक्ष में मरीजों से रूबरू होकर उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछा। यहां पुरूष वार्ड में उपचारार्थ भर्ती पोड़ीयामी नन्दा और महिला वार्ड में वंशिका से उनके ईलाज एवं भोजन के सम्बंध में जानकारी ली और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। कमिश्नर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा संचालित बाल गृह छिंदगढ़ का भी निरीक्षण कर यहां पर निवासरत बच्चों के समुचित देखभाल सहित बच्चों की काउंसलिंग, शिक्षा, कौशल विकास उन्नयन इत्यादि के बारे में जानकारी ली और इन बच्चों के समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए सार्थक प्रयास किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वयंसेवी संगठन के सहयोग से संचालित इस संस्था का नियमित तौर पर निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किए जाने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। इस मौके पर एसडीएम श्री सूरज कश्यप और स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, आदिवासी विकास विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## धूम्रपान निषेध कानून के तहत 10 दुकानों से वसूला गया जुर्माना

**सुकमा, 23 मई।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सुकमा जिले में कोटपा एक्ट 2003 के अंतर्गत विशेष चालानी कार्रवाई की गई। कलेक्टर श्री देवेश ध्रुव के निर्देशानुसार यह कार्रवाई जिले में तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के उपयोग पर नियंत्रण और सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान रोकने के उद्देश्य से की गई। बस स्टैंड के आसपास स्थित पान ठेले, चाय टपरी और किराना दुकानों पर निरीक्षण कर तंबाकू कानून के उल्लंघन पर कुल 10 चालान काटे गए और 1400 रुपए की चालानी राशि वसूल की गई। कार्रवाई का संचालन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में डॉ. यामिनी (नोडल अधिकारी), श्री विनय ठाकुर (औषधि निरीक्षक) तथा पुलिस विभाग से सोड़ी हीरमा एवं आनंद चौड़ी द्वारा किया गया। इस अभियान में मुख्य रूप से दो धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की गई। धारा 04, सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान और तंबाकू सेवन पर प्रतिबंध और धारा 06(बी), 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध। स्वस्थ समाज की दिशा में एक कदम और जनता से अपील की गई कि तंबाकू सेवन से बचें और दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें।



# समारोह में 154 छात्रों को सम्मानित किया गया

**जगदलपुर, 23 मई।** विश्व ब्राह्मण युवा समिति, जगदलपुर द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में शैक्षिक सत्र 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 154 छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज की वरिष्ठ सदस्यों को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था, जिन्होंने अपने प्रेरणादायक भाषणों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों और युवाओं को प्रेरित करना और उन्हें उनके लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रोत्साहित करना था। समारोह में दक्षिण भारतीय संस्कृति और परंपरा की झलक देखने को मिली, जिसमें भरत नाट्यम नृत्य, श्लोक पाठ और शिव तांडव जैसी प्रस्तुतियाँ शामिल थीं।मंच संचालन तेलुगु भाषा हुआ जो की इस कार्यक्रम अंत तक मुख्य आकर्षण रहा। विश्व ब्राह्मण युवा समिति का उद्देश्य बस्तर संभाग में समाज की उपस्थिति को मजबूत करना और विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों के माध्यम से समाज के सदस्यों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से समिति ने अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। विश्व ब्राह्मण युवा समिति आगामी दिनों में भी विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन करेगी, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। समिति का उद्देश्य समाज के सदस्यों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना और उन्हें उनके लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने छात्रों को सम्मानित किया और उन्हें उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समाज के अध्यक्ष श्री सी एच नागेश्वर सोनी ने धन्यवाद ज्ञापन किया और कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्ति , श्री पी चंद्र राव सोनी, श्री सी एच सत्तीराजू सोनी,श्री के रमेश सोनी,श्री पी राजा सोनी,श्री के नागराज सोनी,श्री पी सोमेश सोनी,समाज रत्न श्री गुप्तेश्वर सोनी, श्री वी श्रीधर सोनी, वी वासु सोनी, एम श्रीनिवास सोनी श्री त्रिनाथ सोनी,श्री सी एच ब्रह्माजी सोनी,श्रीमती के शशिरेखा सोनी ,श्रीमती एल लक्ष्मी सोनी एवं समाज के लोग उपस्थित रहें।




# कार्यशाला में रजिस्ट्री में आई 10 नई क्रांति की जानकारी दी गई

■ नागरिकों को मिलेंगी डिजिटल सुविधाएं से लाभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 23 मई।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में रजिस्ट्री में 10 नई क्रांतियाँ विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य आम नागरिकों को पंजीयन विभाग में हाल ही में लागू की गई अत्याधुनिक डिजिटल सेवाओं की जानकारी देना। कार्यशाला में तहसीलदार श्री अनिल कुमार ध्रुव ने बताया कि रजिस्ट्री प्रक्रिया में पारदर्शिता, गति और सुरक्षा लाने के लिए विभाग ने 10 नवाचार प्रारंभ किए हैं। इन पहलों से न केवल फर्जी रजिस्ट्री पर अंकुश लगेगा, बल्कि नागरिकों को घर बैठे ही अनेक सेवाएं उपलब्ध होंगी।


उन्होंने बताया कि अब क्रेता और विक्रेता की पहचान आधार नंबर और बायोमैट्रिक के माध्यम से की जाएगी जिससे फर्जी रजिस्ट्री की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण होगा। साथ ही नागरिक अब खसरा नंबर दर्ज कर संपत्ति की पूर्व रजिस्ट्री देख सकते हैं और दस्तावेज डाउनलोड भी कर सकते हैं, जिससे विवादित या बंधक संपत्ति की जानकारी पहले ही मिल जाएगी।

संपत्ति पर ऋण या पूर्व विक्रय की स्थिति ऑनलाइन भारमुक्त प्रमाण पत्र के माध्यम से जानी जा सकेगी, जो बैंक लोन या शासकीय कार्यों के लिए आवश्यक होता है। स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्री शुल्क का भुगतान अब कैशलेस माध्यमों जैसे यूपीआई, डेबिट कार्ड व नेट बैंकिंग से किया जा सकेगा। इससे पहले यह भुगतान अलग-अलग स्थानों पर नकद में करना पड़ता था। नवाचारों के अंतर्गत रजिस्ट्री प्रक्रिया से जुड़ी विभिन्न सेवाएं अब व्हाट्सएप पर भी उपलब्ध होंगी। जैसे स्लॉट बुकिंग, दस्तावेज की स्थिति, पंजीयन पूर्ण होने की सूचना और रजिस्ट्री की प्रति स्वतः व्हाट्सएप पर प्राप्त होगी। साथ ही व्हाट्सएप के माध्यम से शिकायतें एवं फीडबैक भी दिए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि पंजीकृत दस्तावेज अब डिजीलॉकर में संरक्षित रहेंगे जिन्हें आवश्यकता अनुसार कभी भी डाउनलोड किया जा सकेगा। पक्षकार द्वारा जानकारी भरने के बाद रजिस्ट्री दस्तावेज स्वतः जनरेट होंगे और उप पंजीयक को डिजिटल रूप में प्रस्तुत किए जाएंगे। डिजीडॉक सेवा के माध्यम से किरायानामा, अनुबंध जैसे गैर-पंजीकृत दस्तावेज अब घर बैठे डिजिटल स्टाम्प सहित तैयार किए जा सकते हैं।





## आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय नेता संजय सिंह 24 को आएंगे कुरुद





**कुरूद, 23 मई।** कुरूद आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह जी का आगमन 24 मई को कुरुद मे सुबह 9ः00 बजे होने वाला है सांसद महोदय का 23 मई को शाम 8ः00 बजे रायपुर एयरपोर्ट में आगमन होगा धमतरी के सिहावा आंचल अंतर्गत उमरादेहान गांव के लिए 24 मई को सुबह 9ः00 रायपुर से प्रस्थान करेंगे उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू जी प्रदेश महासचिव वदूद आलम जी प्रदेश संगठन महासचिव जसबीर सिंह जी प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी और प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सूरज उपाध्याय जी प्रदेश उपाध्यक्ष देवलाल नरेटी जी प्रदेश संगठन मंत्री तेजेंद्र तोड़कर जी वह प्रदेश के सभी नेता साथ रहेंगे धमकी जिला के आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष विनोद सचदेव ने बताया कि सांसद महोदय संजय सिंह जी वाहन क्षेत्र के आदिवासी समाज के लोगों से गंभीर विषयों पर चर्चा करेंगे तथा साथ ही आंचल के पार्टी कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात करेंगे उनके आगमन पर भव्य स्वागत कुरुद हाइवे और धमतरी के सिहावा चौक मे किया जाना है कुरुद मे सुबह 9 बजे तथा 9ः30 को धमतरी सिहावा चौक मे स्वागत क्या जायेगा जिसमे पार्टी के सभी कार्यकर्ता व जिला के सभी पदाधिकारी शामिल रहेंगे।

## जगदलपुर के 4 परीक्षा केन्द्रों में 29 मई को होगी व्यापमं की बीएससी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा

**जगदलपुर 23 मई ।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 29 मई 2025 को बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 12.15 बजे तक जगदलपुर के 04 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। जिसके तहत केन्द्र क्रमांक 1701 शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज धरमपुरा नम्बर 02 जगदलपुर, केन्द्र क्रमांक 1702 शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय धरमपुरा नम्बर 03 जगदलपुर, केन्द्र क्रमांक 1703 शासकीय बहुउद्देशीय हायर सेकण्डरी स्कूल जगदलपुर एवं केन्द्र क्रमांक 1704 शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल क्रमांक-1 जगदलपुर परीक्षा केन्द्रों पर उक्त भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी। उपरोक्त परीक्षा में समस्त परीक्षार्थियों को वर्तमान वर्ष का प्रवेश पत्र लेकर आना अनिवार्य है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर श्री मायानन्द चन्द्रा मोबाइल नंबर 99267-59295 को नोडल अधिकारी तथा प्राचार्य शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धरमपुरा जगदलपुर डॉ. अनिल श्रीवास्तव मोबाइल नंबर 98274-91253 को समन्वयक एवं सहायक प्राध्यापक शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धरमपुरा जगदलपुर डॉ. अजय सिंह ठाकुर मोबाइल नंबर 70009-74126 को सहायक समन्वयक नियुक्त किया गया है।

## प्लास्टिक से आमदनी और स्वच्छता दोनों, मणी कंचन समूह ने दिखाई विकास की राह

**मोहला 23 मई ।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत प्लास्टिक मुक्त ग्राम व ग्राम पंचायत बनाने की दिशा में विकासखण्ड अम्बागढ़ चौकी के द्वारा प्लास्टिक कचरा प्रबंधन जिससे पर्यावरण को होने वाले नुकसान को कम करना और मानव स्वास्थ्य की रक्षा करना , प्लास्टिक कचरे के प्रदूषण को कम करना, प्लास्टिक कचरे को रिसाइकल एवं पुनः उपयोग में लाने हेतु प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन ईकाई चिल्हाटी में लिंकेज 10 ग्राम पंचायतों के स्वच्छताग्रही दीदीयों के माध्यम से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कर कचरे को अलग-अलग कर प्लास्टिक सिंगल यूज प्लास्टिक जिसमें डिस्पोजल, प्लास्टिक से बनी दोना पत्तल, प्लास्टिक पानी बोतल, चिप्स रेपर इत्यादि प्लास्टिक से बने हुए कचरे को मणी कंचन स्व सहायता समूह के द्वारा कबाड़ वाले से अनुबंध कर प्लास्टिक को अलग कर राधे टायर्स सुशील ट्रेडर्स, रविदास नगर वार्ड क्र.22 जेल रोड डोंगरगढ़ कबाड़ वाले को बेलिंग मशीन द्वारा प्लास्टिक की गट्ठा बना कर बेचा गया।

# समाधान शिविरों में ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ




**बीजापुर, 23 मई ।** जिले के भैरमगढ़ और भोपालपटनम ब्लॉकों में गुरुवार को सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में सैकड़ों ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कर उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। शिविरों में कुल 840 आवेदनों का निपटारा किया गया, जिससे लोगों में शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है।भैरमगढ़ ब्लॉक के ग्राम गुदमा, कोमपल्ली, केतुलनार, सकनापल्ली तथा भोपालपटनम ब्लॉक के चेरामांगी, नुकंपाल, आवापल्ली, मुरकीनार, चिंतकोटा और मुरडुण्डा में आयोजित इन शिविरों में विभागवार समाधान करते हुए योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया।

**भैरमगढ़ क्षेत्र में किए गए कार्य:**-ग्राम गुदमा में आयोजित समाधान शिविर में कुल 192 आवेदनों का निराकरण किया गया। इसके तहत 3 प्रधानमंत्री आवास, 2 व्यक्तिगत शौचालय, 2 किसान किताब, 3 नए राशन कार्ड और 2 नग मछली जाल का वितरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से 2 बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार एवं 2 महिलाओं की गोद भराई की रस्म भी संपन्न हुई, जिससे महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया। इस शिविर में कलेक्टर श्री संबित मिश्रा, एसडीएम भैरमगढ़, जनपद अध्यक्ष श्रीमती दसरी कोरसा, उपाध्यक्ष श्री जितेन्द्र लेकाम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती प्रीति आरकी एवं जनपद सदस्य श्री महेश कश्यप सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों को योजनाओं से अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

### भोपालपटनम क्षेत्र की उपलब्धिया

भोपालपटनम ब्लॉक के पामगल, मिनकापल्ली, कोटापल्ली, उस्कालेड और वंगापल्ली में आयोजित शिविरों में कुल 648 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से बड़ी संख्या में आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। इस दौरान 6 पात्र व्यक्तियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास स्वीकृत हुए, 5 बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाए गए, एक वृद्ध महिला को वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत की गई, और 11 परिवारों को नए राशन कार्ड प्रदान किए गए।

### ग्रामीणों में उत्साह और संतोष

इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों की वर्षों से लंबित समस्याओं का समाधान होने से लोगों में शासन की योजनाओं के प्रति विश्वास और जागरूकता दोनों बढ़ी है। स्थानीय ग्रामीणों ने इन शिविरों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन नियमित रूप से होने चाहिए ताकि सभी जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

# सामूहिक विवाह दहेजमुक्त समाज की दिशा में एक सशक्त संदेश:ओपी



**रायगढ़, 23 मई।** मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कृषि उपज मंडी पटेलपाली, रायगढ़ में सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम जुड़े रहे। वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने सभी नवविवाहित 58 जोड़ों को दाम्पत्य जीवन में प्रवेश के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने गायत्री परिवार शाखा रायगढ़ को सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समाज में दहेज प्रथा से अधिक गलत प्रथा कुछ भी नहीं है। घर की बेटियों को इस कुरीति के चलते कितनी समस्या और कठिनाइयों से गुजरना पड़ता था, यह कल्पना से परे है। सामूहिक विवाह दहेज मुक्त समाज की दिशा में एक सशक्त संदेश है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह के माध्यम से आज परिणय सूत्र में बंध रहे नवदंपत्ति समाज के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। सामूहिक विवाह कोई निर्धन व्यक्ति करता है ऐसा नहीं है, जो व्यक्ति अपने सोच से समृद्ध होता है वह व्यक्ति ऐसे पुनीत कार्य के माध्यम से समाज को महत्वपूर्ण संदेश देता है, जो आपने किया। विवाह के अनावश्यक खर्च से राहत और नवदंपत्ति को आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना संचालित है। वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि हम पूरी प्रतिबद्धता से लगातार जनहितैषी योजनाओं का निर्माण और क्रियान्वयन कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक नवदंपति जोड़ों को स्वेच्छानुदान स्वरूप 5-5 हजार प्रदान किए। इस अवसर पर महापौर श्री जीवर्धन चौहान ने भी वर-वधू को नव दांपत्य जीवन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर सभापति नगर निगम श्री डिग्री लाल साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष रायगढ़ श्रीमती सुजाता सुखलाल चौहान, जनपद पंचायत अध्यक्ष पुसौर श्रीमती हेमलता हरिशंकर चौहान, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत रायगढ़ श्री रामश्याम डनसेना एवं पुसौर श्रीमती खीरमती चौहान, श्रीमती भाग्यवती डोलनारायण पटेल, श्री ब्रजेश गुप्ता, बीडीसी श्री सुखलाल चौहान, श्रीमती नंदिनी प्रितेश पटेल, श्री दुष्यंत रात्रे, श्री रत्थू गुप्ता, श्री मुक्तिनाथ बबुआ, श्री नरेश पटेल, श्री अमरनाथ रात्रे, श्री यादराम साहू, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री एल.आर.कच्छप सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## माहवारी साक्षरता प्रबंधन पखवाड़ा स्वच्छता और जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम




**बीजापुर, 23 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशन मे तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में जिले में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण अभियान का उद्देश्य माहवारी स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करना और समाज में माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना है। पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें स्वयंसेवक बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और लोगों को जागरूक करने का हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत 15 मई से की गई है, जिसमें सामुदायिक स्तर पर लोगों को माहवारी स्वच्छता के संबंध में जानकारी दी जा रही है। आंगनवाड़ी केंद्रों पर महिलाओं और किशोरी बालिकाओं से इस विषय पर चुप्पी तोड़कर खुलकर नॉलने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। दीवारों पर नारा लेखन , भीड़भाड़ वाले स्थानों पर माइकिंग के द्वारा तथा रंगोली कार्यक्रम के माध्यम से प्रत्येक ब्लॉक मे ग्राम पंचायत स्तर पर माहवारी जैसे संवेदनशील विषय पर खुलकर चर्चा की जा रही है, जिससे समाज में माहवारी के प्रति जागरूकता बढ़े और महिलाएं माहवारी के दौरान होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं से बच सकें।इस अभियान में स्वयंसेवकों द्वारा की जा रही सराहनीय कार्यों की जितनी प्रशंसा की जाए, कम है। उन्होंने समाज में माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभाई है। स्वयंसेवक लोगों को यह समझाने का प्रयास कर रहे हैं कि माहवारी एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है और इसके दौरान साफ-सफाई का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। माहवारी के दौरान स्वच्छता बनाए रखना चाहिए। इस दौरान साफ पानी से नियमित सफाई करना भी जरूरी है। माहवारी के दौरान उचित पोषण और आराम की भी आवश्यकता होती है ताकि स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से बचा जा सके। माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पखवाड़ा पूरे माह भर आयोजित की जावेगी 28 मई को विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस का आयोजन भी किया जाएगा ताकि जिले में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन को लेकर एक जन आंदोलन का रूप दिया जा सके और व्यापक व्यवहार परिवर्तन की दिशा में सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो सके। इस हेतु विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

# लंबित राजस्व प्रकरणों को समय सीमा में प्राथमिकता से करें निराकृत:सुनील



**रायगढ़, 23 मई।** बिलासपुर संभागायुक्त श्री सुनील जैन की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस दौरान कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

संभागायुक्त श्री जैन ने राजस्व प्रकरणों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए विशेष दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अविवादित, विवादित नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, भू-अर्जन जैसे विभिन्न राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि उक्त प्रकरणों का तीव्र गति से निराकरण करें। इस दौरान उन्होंने समय-सीमा से बाहर एवं लंबित राजस्व प्रकरणों में समय-सीमा का विशेष ध्यान रखते हुए निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने तहसीलवार कार्यों की समीक्षा करते हुए नक्शा बटांकन के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने भू-अर्जन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि अवार्ड पारित होने के पश्चात रिकॉर्ड दुरुस्ती का कार्य प्राथमिकता से करें। इस दौरान उन्होंने अवार्ड की कुल राशि, भुगतान की स्थिति एवं लंबित भुगतान की जानकारी भी ली। संभागायुक्त श्री जैन ने डिजिटल हस्ताक्षर, आधार, मोबाइल एवं जेंडर प्रविष्टि, ई-कोर्ट में निराकृत प्रकरणों, ऑनलाइन दर्ज प्रकरण की समीक्षा करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए। डायवर्सन की प्रगति की जानकारी लेते हुए त्रुटि सुधार शीघ्र करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने वसूली पत्रक अंतर्गत भू-राजस्व कर, पंचायत उपकर, शाला भवन उपकर, नजूल भूमि से प्राप्त भू-भाटक तथा आरआरसी की समीक्षा की। उन्होंने वसूली के संबंध में विशेष निर्देश दिए। आरबीसी 6-4 के लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए सभी प्रकरणों में विधिवत प्रक्रिया का पालन करते हुए त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पीडीएस दुकानों के सत्यापन की भी जा जानकारी ली। उन्होंने जाति प्रमाण-पत्र के संबंध में शत-प्रतिशत विद्यार्थियों को जाति प्रमाण-पत्र बनाने के निर्देश दिए इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री रवि राही, श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, संयुक्त कलेक्टर श्री राकेश कुमार गोलछा, सर्व एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का करें प्राथमिकता से निराकरण

संभागायुक्त श्री जैन ने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया कि 16 हजार से अधिक राजस्व से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए थे। जिसमें फौती नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन जैसे विभिन्न प्रकार के आवेदन थे, जिसका प्राथमिकता से निराकरण किया गया। जिस पर संभागायुक्त श्री जैन ने शेष आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

### फसल परिवर्तन के लिए बनाए कार्ययोजना

संभागायुक्त श्री जैन ने कृषि विभाग से फसल परिवर्तन के संबंध में जानकारी ली। उप संचालक श्री वर्मा ने बताया कि जिले में धान के बदले अन्य फसल लेने के लिए फसल एवं क्षेत्र चिन्हांकन किया जा रहा है, ताकि जिन क्षेत्रों में धान की अधिक फसल ली जाती है, वहां धान के बदले अन्य फसल का क्षेत्र विस्तार किया जा सके। संभागायुक्त श्री जैन ने फसल परिवर्तन हेतु व्यापक कार्ययोजना बना कर कार्य करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने खाद एवं बीज के संबंध में भी जानकारी ली।

## ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के पंजीयन, आवेदन के लिए तिथि निर्धारित

**रायगढ़, 23 मई।** रायगढ़ जिले में संचालित समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कालेज, नर्सिंग कालेज, पालीटेक्निक एवं आईटीआई आदि के प्राचार्य/ संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है वे शिक्षा सत्र 2025-26 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12 से उच्चतर)के पंजीयन, आवेदन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाईट http://päæstma-træic-schäælaræship.cg.nic.in पर ऑनलाईन की जा रही है। जिसके अंतर्गत विभाग द्वारा ऑनलाईन आवेदन/प्रस्ताव/ स्वीकृति वर्ष 2025-26 हेतु तिथि निर्धारित की गई है।सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार नवीनीकरण आवेदन हेतु विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन प्राप्ति तिथि 31 मई 2025 तक जिसमें स्वीकृति एवं डिसबर्स हेतु शासकीय के लिए 7 जून 2025 तक एवं अशासकीय के लिए 10 जून 2025 तक निर्धारित है। इसी तरह 31 अगस्त 2025 तक जिसमें स्वीकृति एवं डिसबर्स हेतु शासकीय के लिए 7 सितम्बर 2025 एवं अशासकीय के लिए 10 सितम्बर 2025 तथा विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन प्राप्ति तिथि 30 नवम्बर 2025 तक जिसमें स्वीकृति एवं डिसबर्स हेतु शासकीय के लिए 15 दिसम्बर 2025 एवं अशासकीय के लिए 20 दिसम्बर 2025 निर्धारित है।

## पीएम आवास के स्वीकृत कार्य को लक्ष्य बनाकर करें पूर्ण: सीईओ



**रायगढ़, 23 मई।** सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव की अध्यक्षता में आज प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)के संबंध में जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में बैठक आयोजित हुई। जिसमें सीईओ जिला पंचायत श्री यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में विशेष चर्चा करते हुए आवास निर्माण एवं पूर्णता के अद्यतन प्रगति की समीक्षा की।

सीईओ श्री यादव ने ग्राम पंचायतवार सचिवों से हितग्राहीवार स्वीकृत आवास एवं निर्माण प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सभी ग्राम पंचायत सचिव को स्पष्ट निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्रों में स्वीकृत आवासों को एक निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्य बनाकर कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। सीईओ श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य हर पात्र परिवार को छत उपलब्ध कराना है, जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई करने एवं हितग्राहियों से नियमित संपर्क में रहने के निर्देश दिए। उन्होंने आवास निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ ही समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि योजना का लाभ पात्र एवं जरूरतमंद हितग्राहियों को मिल सके।बैठक में सीईओ जनपद रायगढ़ श्री राजेश साहू, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, उप अभियंता, ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

## निजी स्कूल प्रबंधन किसी स्थान विशेष से किताबें और यूनिफॉर्म खरीदने के लिए न करें बाध्य

**रायगढ़, 23 मई।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने रायगढ़ जिले के निजी स्कूल संचालकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि स्कूल बच्चों पर किसी विशेष पब्लिकेशन की किताब या किसी खास दुकान से ही किताब खरीदने का दबाव नहीं बनाया जाए। स्कूली छात्रों या पालकों पर किताबों को लेकर किसी प्रकार का अनावश्यक आर्थिक बोझ नहीं डाला जाए। कक्षा दसवीं तक सीबीएसई के लिए एनसीइआरटी और छत्तीसगढ़ बोर्ड के लिए एससीइआरटी की किताबें स्कूलों में पढ़ाई जाएं। कक्षा ग्यारवीं और बारहवीं मे छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए यदि अतिरिक्त किताबें लेनी हैं तो वह सुझाव के रूप में बताया जाए, उसे खरीदना अनिवार्य न किया जाए। किसी स्कूल द्वारा यदि इस प्रकार की अनावश्यक शर्तें रखीं जाती हैं तो उसे संज्ञान में लेते हुए स्कूल को संचालन के लिए मिली मान्यता के प्रावधानों के विपरीत मानकर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने यह बातें निजी स्कूल संचालकों और प्राचार्यों की गुरुवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में स्पष्ट की। बैठक में जिला शिक्षाधिकारी श्री के. वेंकट राव भी शामिल हुए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने निजी स्कूल संचालकों से कहा कि आज पालक आपके द्वारा तय की फीस देकर अपने बच्चों को आपके स्कूलों में इसलिए पढ़ा रहे हैं क्योंकि वे अपने बच्चों का अच्छा भविष्य चाहते हैं।

# शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करना समाधान शिविर का उद्देश्य:राठिया



**रायगढ़, 23 मई।** जनसामान्य की समस्याओं के समाधान के लिए सुशासन तिहार अंतर्गत जिले के विभिन्न स्थानों में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में नगरीय निकाय अंतर्गत जनपद पंचायत अंतर्गत घरघोड़ा के कुडुमकेला, लैलूंगा के नारायणपुर, धरमजयगढ़ के चरखापारा, नगरीय निकाय अंतर्गत रायगढ़ के निगम ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट एवं लैलूंगा के नगर पंचायत कार्यालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आवेदनों के निराकरण की जानकारी प्रदान करने के साथ पात्र हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

आज ग्राम पंचायत कुडुमकेला विकासखंड घरघोड़ा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया शामिल हुए। सांसद श्री राठिया ने जन सामान्य को संबोधित करते हुए कहा कि शासन के मंशानुरूप लोगों की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। गांवों में लगने वाले इस समाधान शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों तक पहुंचकर उनकी समस्याओं के साथ ही शासकीय योजनाओं से उन्हें लाभान्वित करना है। कुडुमकेला में आयोजित शिविर में क्लस्टर के 12 पंचायतों से 2748 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनका निराकरण की जानकारी प्रदान की गई। सांसद श्री राठिया ने पात्र हितग्राहियों को पीएम आवास की प्रतीकात्मक चॉबी, राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र के साथ ही विभिन्न विभागीय योजनाओं के सामग्रियों का वितरण किया।

इस अवसर पर श्री अरूणधर दीवान, डीडीसी मुरलीधर राठिया, जनपद अध्यक्ष सहुन पैंकरा, उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल एवं समस्त जनपद सदस्य गण, क्लस्टर के 12 पंचायतों के सरपंच उपस्थित हुए।

लैलूंगा के नारायणपुर में समाधान शिविर का आयोजन किया। इस दौरान राजस्व, लोक निर्माण, स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, महिला एवं बाल विकास, विद्युत, पशुपालन एवं शिक्षा जैसे विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। संबंधित विभागों के अधिकारियों ने आवेदनों का निराकरण करते हुए संचालित विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत सुकेश्वर राठिया, सियाराम उरांव, दिलीप लोहार, लोचन यादव एवं पिताम्बर को आवास की चॉबी वितरित की गई। इसी प्रकार लिबरा, नारायणपुर एवं पोकडेगा के 6 पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड, लिबरा एवं नारायणपुर के 6 हितग्राहियों को पेंशन प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान बिहान योजनान्तर्गत सामुदायिक निवेश कोष के तहत 33 लाख रुपए की सांकेतिक चेक महिला संजीवनी उप संघ नारायणपुर के महिला समूहों को प्रदान किया गया। मौके पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं बच्चों का अन्नप्रासन्न कराया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री श्री सत्यानंद राठिया, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शांता भगत, अध्यक्ष जनपद पंचायत लैलूंगा श्रीमती ज्योति भगत, उपाध्यक्ष श्री मनोज अग्रवाल, श्रीमती सौभागी गुप्ता, श्रीमती शशिकला यादव, श्रीमती उमा पटेल, श्री मनोज सतपथी, श्री संजय पटेल, श्री रमेश, श्री मनीराम कुजूर, श्रीमती लोकेश्वरी सिदार सहित समस्त सरपंच उपस्थित रहे।

### समाधान शिविर से पात्र हितग्राही हुए लाभान्वित

धरमजयगढ़ के चरखापारा में जनसामान्य की सुविधा के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान विभागीय अधिकारियों ने प्रथम चरण के प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति से आवेदकों को अवगत कराया साथ ही नए आवेदन भी प्राप्त किए। शिविर में चरखापारा एवं रैरूमाखुर्द के 16 हितग्राहियों को पीएम आवास से लाभान्वित किया गया। इसी प्रकार सामुदायिक निवेश निधि के तहत विभिन्न स्व-सहायता समूहों को राशि वितरण, राशन कार्ड, पीएम आवास सम्मान निधि एवं बच्चों को जाति प्रमाण-पत्र से लाभान्वित किया गया।इस अवसर पर अध्यक्ष जनपद पंचायत धरमजयगढ़ लीनव राठिया, उपाध्यक्ष श्री शिशुपाल गुप्ता, श्री शशि पटेल, श्री सुरेन्द्र कुमार बेहरा, श्री पुनेश्वर प्रसाद राठिया, श्री मोहन सिंह ठाकुर, हरिशचंद्र राठिया, जनकराम राठिया, दशरथ राठिया, यशोदा राठिया, कमला राठिया, पूर्णिमा राठिया, विदुर सिंह, हरिओम शंकर सहित विभिन्न पंचायतों के सरपंच एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।सुशासन तिहार के तीसरे चरण में 23 मई को जिले के 03 स्थानों में प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें रायगढ़ के कोड़तराई, खरसिया के बरभौना एवं धरमजयगढ़ के खम्हार शामिल है।

# सिंधी महिला मण्डल के सदस्यों ने बस स्टैंड में किया छाछ का वितरण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 23 मई।** बस स्टैंड के पास सिंधी महिला मंडल ने मठ्ठा( छाछ)वितरण किया । तपती गर्मी में राहगीरों को राहत देने हेतु अपने सेवा कार्यो की श्रृंखला के तहत सिंधी महिला मंडल भाटापारा द्वारा न्यू बस स्टैंड बब्बू होटल के पास 21 मई सुबह 11बजे से मठ्ठे (छाछ) का वितरण किया गया।इस वितरण कार्य में संस्था की अध्यक्ष सोनी छाबड़िया, उपाध्यक्ष शीतल आर्य, सचिव कोमल थदवानी, सहसचिव रेखा माधवानी, सोनिया बालानी, आशा सबलानी, कंचन तलरेजा, हीरा कुकरेजा, सुमन गोविन्दानी, श्वेता अलरेजा, सुनीता गुरयानी, संजना सबलानी, मयूरा गजरानी, निवेदिता दुलानी, पूनम लखवानी, सिरत भोजवानी, त्रिवेंदर कौर, सिमरन तलवानी, सहित समाज की महिलाएँ उपस्थित रही।इस अवसर पर विशेष रूप से पूज्य सेन्ट्रल सिंधी पंचायत के अध्यक्ष इंदरलाल थारानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैलाश बालानी, महासचिव राजेश छाबड़िया पूज्य बिरादरी पंचायत के अध्यक्ष भीषम गुरयानी, उपाध्यक्ष सच्चानंद थदवानी, महासचिव नितीन भोजवानी, सचिव महेश चंदानी सहित नंदलाल तनवानी, आत्माराम जोतवानी, वेदप्रकाश थारानी, अन्नू मंगलानी आदि उपस्थित रहे।नगर में समय समय पर में ऐसी सेवाएं सिंधी महिला मंडल द्वारा सदैव होती रहती हैं और आगे भी यह सेवाएं होती रहेंगी।

## समाचार संक्षेप



**तिल्दा-नेवरा, 23 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विकासखंड सिमगा के ग्राम संकरी में मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना अंतर्गत रु 19.90 लाख की लागत से बनने वाली सीसी रोड सह नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन टंक राम वर्मा मंत्री राजस्व आपदा प्रबंधन युवा खेल विभाग द्वारा किया गया। साथ में जिला अध्यक्ष आनंद यादव, सिमगा जनपद पंचायत अध्यक्ष एवम गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### शिव वर्मा बने राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम के प्रदेश उपाध्यक्ष



**तिल्दा-नेवरा, 23 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम के संबंध शाखा नरेंद्र मोदी विचार मंच/मिशन न्यू इंडिया के प्रदेश महासचिव दास जी साहू ने बताया कि तिल्दा नेवरा के देशबंधु संवाददाता एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के शहर अध्यक्ष शिव वर्मा को राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्रा साहब जी के सहमति से, राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम संबंध शाखा नरेंद्र मोदी विचार मंच/मिशन न्यू इंडिया के प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर भारत माता के सेवा करने एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान देने हेतु नियुक्ति दिया गया है। प्रदेश महासचिव दास जी साहू ने शिव वर्मा के नियुक्ति करते हुये हर्ष व्यक्त करते हुये बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।



**तिल्दा-नेवरा, 23 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पालिका तिल्दा नेवरा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 12 और 13 मे कविता फोटो स्टूडियो से मुखर्जी चौक तक इक्कीस लाख की लागत से बनने वाली बी टी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष मति चंद्रकला वर्मा भाजपा जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद मुख्य नगर पालिका अधिकारी अनिस ठाकुर एवं समस्त पार्षद गण व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### सभी पीड़ीएस दुकानों में एकमुश्त मिलेगा तीन माह का चावल

■ बारिश के मौसम में राशन की चिंता से मिलेगी मुक्ति
■ जून से जुलाई तक का चावल 31 मई तक भण्डारण करने के निर्देश

**बलौदाबाजार, 23 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन द्वारा सार्वजानिक वितरण प्रणाली अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, छत्तीसगढ़ खाद्य और पोषण सुरक्षा अधिनियम एवं मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना के राशन कार्डधारी परिवारों क़ो माह जून से अगस्त 2025 तक राशन सामग्री आवंटन का भंडारण एवं वितरण के निर्देश दिये गए हैं।सभी राशनकार्डधारियों क़ो माह जून से अगस्त 2025 तक पात्रता अनुसार चावल क़ा वितरण माह जून में एकमुश्त किया जाएगा। माह जून से अगस्त तक एक मुश्त राशन मिलने से बारिश के मौसम में लोगों क़ो भटकना नहीं पड़ेगा। आवंटन अनुरूप चावल का भण्डारण उचित मूल्य दुकानों में 31 मई 2025 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराए जाने एवं तीन महीने का चावल 30 जून तक वितरण कराने के निर्देश दिये गए हैं। चावल क़ो छोड़कर अन्य खाद्यान्न सामग्री का भण्डारण एवं वितरण नान में स्टॉक की उपलब्धता के आधार पर माह जून से अगस्त के दौरान प्रति माह पृथक -पृथक जारी आवंटन अनुसार भण्डारण एवं वितरण किया जाएगा। तीन माह का चावल वितरण हेतु सभी उचित मूल्य दुकानों में चावल उत्सव का आयोजन किया जाएगा।दुकान स्तर की निगरानी समिति के समक्ष हितग्राहियों क़ो चावल एवं अन्य राशन सामग्री क़ा वितरण किया जाएगा। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले के सभी शासकीय मूल्य दुकानों में 3 माह का चावल भण्डारण हेतु पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश खाद्य विभाग के अधिकारियों क़ो दिये हैं।

## एक नजर

### बैठक में धोबी समाज ने लिए महत्वपूर्ण निर्णय

**चारामा, 23 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सर्व धोबी समाज जिला इकाई चारामा के अंतर्गत सर्किल चारामा में आवश्यक बैठक रखा गया जिसमें समस्त पदाधिकारी उपस्थित हुए धोबी समाज चारामा के द्वारा महत्वपूर्ण रचनात्मक निर्णय लिए गए हैं जिसमें प्रमुख रूप से मृत्यु भोज में कलेवा को अनिवार्यता बंद करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है इसी प्रकार समाज में किसी के मृत्यु होने पर कपड़े के बदले प्रत्येक घर से 100 रुपए दान राशि देने का प्रमुख निर्णय पहले ही लिया गया है और शादी ब्याह में सामान की जगह राशि देने का निर्णय लिया गया है जिससे आर्थिक बोझ कम हो सके। साथ ही सर्व धोबी समाज के सचिव दीपेश निर्मलकर के द्वारा वार्षिक लेखा जोखा समाज के समक्ष प्रस्तुत किया इस सामाजिक बैठक में सर्व धोबी समाज जिला इकाई चारामा के संरक्षक जागेश्वर सोनवानी सर्किल चारामा के अध्यक्ष यादराम सोनवानी, शिवेंद्र निर्मलकर श्रवण रजक तुलसी छाटा एवं अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आवेदन 6 जून तक

**बलौदाबाजार, 23 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सोनाखान अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र मेटकुला और मगरदरहा में आंगनबाडी सहायिका पद हेतु 6 जून 2025 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है।आवेदन समस्त दास्तावेजों के साथ कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना सोनाखान में व्यक्तिगत रूप से जमा कर सकते हैं।अधिक जानकारी के लिए सम्बंधित ग्राम पंचायत एवं परियोजना कार्यालय सोनाखान से संपर्क किया जा सकता है।

### जुड़ावन साहू महामंत्री नियुक्त



**तिल्दा-नेवरा, 23 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम पंचायत सरोरा के पुर्व सरपंच जुड़ावन साहू का तिल्दा नेवरा तहसील के महामंत्री के पद पर तहसील अध्यक्ष मोहन साहू के अनुशंसा से राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्रा साहब के आदेश पर प्रदेश महासचिव दास साहू ने राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम, मुख्य शाखा नरेंद्र मोदी विचार मंच/मिशन न्यू इंडिया के तहसील महामंत्री के पद पर भारत माता के सेवा करने के लिए तिल्दा नेवरा तहसील के महामंत्री के पद नियुक्ति दिया हैं और उसकी सुचना राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि चाणक्य जी को दे दिया गया हैं। जुड़ावन साहू के नियुक्ति देते हुए प्रदेश महासचिव एवं रायपुर जिला के प्रभारी जिला अध्यक्ष दास जी साहू ने जुड़ावन साहू को बधाई देते हुए कहा कि जुड़वांन साहू पुर्व में ग्राम पंचायत सरोरा के सरपंच रहकर अच्छा कार्य किए हैं, उसका अनुभव का लाभ तिल्दा नेवरा तहसील के सभी उपभोक्ता साथियों को मिलेगा।

### अनियंत्रित ट्रेलर ने ट्रक और इको कार को मारी टक्कर, एक की मौत

**बलौदाबाजार, 23 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रकरण में ग्राम संडी के पास बलौदाबाजार की ओर से आ रहे ट्रेलर क्रमांक सीजी CG22 C 0553 के चालक द्वारा तेज रफ्तार चला कर पहले सामने की ओर से रायपुर से बलौदाबाजार की तरफसे आ रही है ट्रक क्रमांक JH01 EY 2970 को एक्सीडेंट कर पलटा दिया। तत्पश्चात ईको कार को भी ठोकर मार कर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे कार में आग लग गई। घटना में ईको कार ड्राइवर सेवक साहू (43) गोडा थाना पलारी की मौत हो गई। प्रकरण में आरोपी वाहन चालक द्वारा तेज रफ्तार एवं जानबूझकर वाहन को तेज गति से चला कर गैर इरादतन हत्या कर मृत्यु कारित किया गया है, जिस पर से आरोपी ट्रेलर क्रमांक CG 22 C 0553 के चालक के विरुद्ध थाना पलारी में अपराध क्र. 178/2025 धारा 281, 125 (A), 105 बीएनएस एवं 184 एमवी एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। घायलों के नाम मोहन लाल भारद्वाज, मनीष चंद भारद्वाज पिता मोहन भारद्वाज, तोप चंद भारद्वाज है।

# वन क्षेत्र में अतिक्रमण का प्रयास विफल, विभाग ने जब्त की जेसीबी

## अतिक्रमण कर बना रहे थे खेत, वनमंडलाधिकारी के निर्देश पर की गई कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 23 मई।** वन मंडल अधिकारी गणवीर धम्मशील के निर्देशानुसार वन क्षेत्रों में अतिक्रमण पर वन विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में वन क्षेत्र में अतिक्रमण कर खेत बना रहे जेसीबी क़ो बुधवार क़ो जब्त किया गया

उपवन मंडल अधिकारी अनिल वर्मा, प्रशिक्षु एसीएफगजेंद्र वर्मा एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी सोनाखान सुनीत साहू के नेतृत्व में वन एवं वन्यप्राणियों के सुरक्षा हेतु वन गश्त किया जा रहा था। वन गश्त के दौरान परिसर नवागांव के आरक्षित वन क्षेत्र कक्ष क्रमांक 247 में बंशराम वल्द रोहित राम लोहार ग्राम नवागांव ग्राम पंचायत नवागांव पुलिस चौकी सोनाखान के द्वारा अवैध अतिक्रमण कर केशव प्रसाद वल्द संतोष कुमार साहू ग्राम चनहाट के जेसीबी क्रमांक सीजी 04 एल 3979 से अवैध खुदाई कर खेत बना रहे थे जिसे मौके पर जाकर सत्यापन करने पर आरक्षित वन क्षेत्र 247 में अतिक्रमण कर अवैध खुदाई करते हुए पाए गए जेसीबी को जब्त किया गया जिसका। अपराधियों के विरुद्ध वन अपराध क्रमांक 15640/ 25 जारी कर जब्त जेसीबी को राजसात करने आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

वनमंडल अधिकारी बलौदाबाज़ार गणवीर धम्मशील ने वनों के आस- पास अतिक्रमण के संवेदनशील क्षेत्रों में सतत निगरानी रखने के साथ- साथ ऐसे प्रकरणों में सभी परिक्षेत्र अधिकारियों को अपराधियों के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। वनमंडलाधिकारी ने नागरिकों से अपील की है कि यदि आपके आस-पास वन क्षेत्र में अतिक्रमण की घटना होती है तो तत्काल वन विभाग को सूचना दें।



### सड़क दुर्घटना में तत्परता के साथ सहायता करने वाले गुड सेमेरिटन का एसपी गुप्ता ने किया सम्मान



**बलौदाबाजार, 23 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 15 अप्रैल की रात्रि थाना पलारी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गिर्रा एवं संडी के बीच एक अज्ञात वाहन द्वारा मोटरसाइकिल चालकों को दुर्घटनाग्रस्त कर दिया गया था, जिसमें दो व्यक्तियों की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। इस दौरान मधुकर वर्मा निवासी ग्राम चुचरूंगपुर द्वारा सड़क मार्ग में रात्रि के समय यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने एवं मृतकों का शव घटना स्थल से उठाने का कार्य कर पुलिस का सहयोग किया गया। इस प्रशंसनीय एवं सराहनीय कार्य के फ्लस्वरुप गुड सेमेरिटन मधुकर वर्मा को 21 मई को पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस की अपील सुरक्षित एवं सुगम परिवहन के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन आवश्यक है, इससे आमजनों द्वारा अनुशासित होकर वाहन चालन किया जाएगा। जिले में सुरक्षित परिवहन के लिए आमजनों का भी परस्पर सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

# प्रदेशवासियों की समस्या सुनकर निराकरण का माध्यम है समाधान शिविर : बृजमोहन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 23 मई।** आज बलौदाबाजार जिले के ग्राम पंचायत नवापारा(सुहेला) में सुशासन तिहार के तहत आयोजित 'समाधान शिविर' में सांसद बृजमोहन अग्रवाल के साथ सम्मिलित होकर आमजनों की समस्याओं का समाधान किया। साथ ही इस अवसर पर विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया।

इस दौरान हितग्राहियों को सामग्री, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, गर्भवती महिलाओं को पोषक आहार का वितरण तथा शिशुओं का अन्नप्रासन संस्कार भी किया गया।

हमारा प्रयास-हमारा संकल्प, विकसित बलौदाबाजार...

आज विकासखंड सिमगा के ग्राम संकरी में मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना अंतर्गत रु19.90 लाख की लागत से बनने वाली सीसी रोड सह नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर जनता-जनार्दन को समर्पित किया। साथ में जिला अध्यक्ष आनंद यादव जी, सिमगा जनपद पंचायत अध्यक्ष दौलत पाल जी सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।



# जनप्रतिनिधियों ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद, 23 मई।** कुरूद सुशासन दिवस के समापन अवसर पर नगर पंचायत कुरूद द्वारा विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास करने के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ दिनांक 21 मई बुधवार को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में बालाजी नगर के मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने रोड नाली बनाने आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये गये, लगभग 6 करोड़ के लागत से लोकार्पण-भूमिपूजन कुरूद विधायक-नगर पंचायत अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों के करकमलों से कुरूद के विकास रथ को निरंतर चलाकर विष्णु के सुशासन त्यौहार का 31 मई को समापन किया जायेगा। इसके लिए जनप्रतिनिधियों और कर्मचारीगण निरंतर मेहनत कर रहे है कुरूद वासियों को अग्रिम शुभकामनाएँ ज्योति भानू चन्द्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत कुरूद दी।

कुरूद के बालाजी नगर में रहने वाले निवासियों के द्वारा वर्षो से लंबित मुलभुत कार्य रोड-नाली मांगों को स्वीकार कर नगर पंचायत के पार्षद दल एवं कर्मचारियों के टीम के साथ निरीक्षण किया, निरीक्षण पश्चात अध्यक्ष महोदया के निर्देशानुसार कालोनी के कालोनाइजर को नोटिस देने निर्देशित किये हैं। और कहा गया कि एक सप्ताह के भीतर ज़रूरी दस्तावेज लेकर उपलब्ध हों, नहीं तो बंधक प्लाट को नीलामी प्रकिया कर बालाजी नगर के रहवासियों के लिए रोड नाली बनाया जायेगा, कुरूद के निवासियों के लिए मुलभुत सुविधा बर्दाशत नहीं होगी, जल्द ही इस कालोनी में विकास कार्य शुरू किया जायेगा। नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों ने आश्वस्त किये है।

इस अवसर पर निरीक्षण टीम मे विधायक प्रतिनिधि भानू चन्द्राकर, सभापतियों में मिथलेश बैस, महेन्द्र गायकवाड़, राजकुमारी ध्रुव, पार्षदगण रवि मानिकपुरी, कविता चन्द्राकर और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।




## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, मंडल क्रमांक 1, रायपुर (छ.ग.)

दूरभाष : (0771) 2331431 फैक्स : (0771) 4055885 ईमेल: se1raipur@gov.in

**निविदा संशोधन सूचना**

ज्ञाप क्र. /40-115/सा.25 रायपुर, दिनांक /05/2025

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा एन.आइ.टी. क्र. 107 निविदा क्र. 168737 दिनांक 16.05.2025 में अपेंडिक्स 2.10 के कंडिका 3.8.1 बैंक साल्वेंसी की कंडिका को विलोपित किया जाता है।

जी.नं.-252600997

हस्ता-
अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग,
मंडल क्रमांक 1, रायपुर (छ.ग.)

जी-252601078/7

## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग बलरामपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal:https://eproc.cgstate.gov.in

**(प्रथम आमंत्रण)**

निविदा सूचना क्रमांक : 01/व.ले.लि./2025-26 दिनांक 21.05.2025 निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 12.06.2025 (17:30 बजे) तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सिस्टम निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | 168757 | बांकी नदी व्यपवर्तन योजन के शीर्ष एवं नहर कार्य का निर्माण कार्य | रू. 1407.37 लाख। |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 28.05.2025 समय 17.30 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, बलरामपुर,
बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)
कृते-मुख्य अभियंता
हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग
अंबिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)

जी-252601073/12


■ राज्य में पहली बार बलौदाजार में समर कैम्प के दौरान हुआ प्रशिक्षण का आयोजन, खेल मंत्री ने की सराहना

# स्कूली बच्चों के बनाए एयरोमॉडल्स का प्रदर्शन, खेल मंत्री ने विद्यार्थियों को सराहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 23 मई।** बलौदाबाज़ार के आउटडोर स्टेडियम में आज एक अनोखे एयर शो ने शहरवासियों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया जिसके साक्षी खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा भी बने। वर्मा ने स्कूली बच्चों द्वारा निर्मित एयरमॉडल शो का अवलोकन कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रदेश में पहली बार बलौदाबाजार में समर कैम्प के दौरान इस तरह का प्रशिक्षण का आयोजन होने पर खेल मंत्री ने इसकी सरहाना की।

जिला प्रशासन द्वारा आयोजित समर कैम्प में 18 मई से 21 मई तक जिले के 7 पीएम स्कूलों में 200 बच्चों को ऐरोमोडलिंग का प्रशिक्षण दिया गया। चेन्नई से आई संस्था के 10 इंजीनियरियों ने छात्र छात्राओं को तीन दिनों तक प्रशिक्षण दिया।खेल मंत्री ने इस प्रयास की सरहाना की और वर्कशॉप में शामिल बच्चों क़ो बधाई और शुभकामनायें दीं।

उल्लेखनीय है कि समर कैंप में बच्चों के लिए विज्ञान और तकनीक से जुड़ी कई विशेष गतिविधियां भी शामिल की गई हैं इनमें रोबोटिक क्लास, एयरोमॉडलिंग, रोमांचक एयर शो, 3डी पेंटिंग और ड्रोन उड़ाने का प्रशिक्षण शामिल है। समर कैंप में बच्चों की जिज्ञासा बढ़ाने के उद्देश्य से प्लानिटोरियम की भी विशेष व्यवस्था की गई है। यहां 20 मिनट के शो के जरिए बच्चे सूर्य ग्रहण, चंद्र ग्रहण, तारामंडल की संरचना जैसी आकाशीय घटनाओं को आसानी से समझ पा रहे हैं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय सहित अन्य अधिकारी एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।



## एक नजर

### कंपनी के सीए ने की 7 लाख की हेराफेरी

**रायपुर, 23 मई।** जीएसटी रकम ना पटाकर 7 लाख का हेराफेरी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विभूति नारायण बैसवाड़े 55 वर्ष संजयनगर चौक टिकरापारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी नितिन ठक्कर प्रार्थी के गार्गी ट्रेडर्स दुकान में सीए के पद पर कार्य करता था। बताया जाता है कि प्रार्थी ने आरोपी को जीएसटी रकम पटाने के लिए 7 लाख रुपए दिया था, जिसे आरोपी ने ना पटाकर स्वयं उपयोग कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### मोपेड की डिक्की से तीन नग मोबाइल पार

**रायपुर, 23 मई।** रविभवन के पार्किंग में खड़ी जूपिटर वाहन के डिक्की से अज्ञात चोर ने तीन नग मोबाइल पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी धीरेन्द्र कुमार साहू 30 वर्ष जोरापारा मौदहापारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी जूपिटर क्रमांक सीजी 04 एलएस 9286 को रवि भवन के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने वाहन की डिक्की में रखे 3 नग मोबाइल पार कर दिया। चोरी गए मोबाइल की कीमत करीब 40338 रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने गोलबाजार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### हाइवा ने रोड पार कर रहे युवक को रौंदा

**रायपुर, 23 मई।** शारदा कालोनी सिलतरा के पास हाइवा क्रमांक ने रोड पार कर रहे युवक को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने हाइवा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी केअनुसार मृतक पंकज शुक्ला वंदना ग्लोबल कंपनी सिलतरा में काम करता था। बताया जाता है कि वह पैदल कहीं जा रहा था, तभी शारदा कालोनी सिलतरा के पास रोड पार कर रहा था, तभी हाइवा क्रमांक सीजी 04 क्यूएच 3408 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पंकज को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं वाहन चालक को हिरासत में लिया है।

### अवैध शराब के साथ चार कोचिए गिरफ्तार

**रायपुर, 23 मई।** राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस के टीम ने अवैध शराब के साथ चार कोचियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 92 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 1190 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मंदिरहसौव्द पुलिस ने ग्राम नारा तालाब के पास अवैध शराब बेचते आरोपी मदन साहू 72 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 16 पाव देशी शराब और 200 रुपए बिक्री रकम जब्त किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने आरोपी लक्ष्मी नारायण कोसले 32 वर्ष और सचिन मरकाम 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 46 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 990 रुपए जब्त किया है। इसी तरह उरला पुलिस ने आरोपी सोनू पाराधी 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है पुलिस ने इसके पास से 30 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### चरित्र पर संदेह, पत्नी की हत्या

**रायपुर, 23 मई।** ग्राम बेलटुकरी में चरित्र पर संदेह कर पत्नी की गला घोंटकर हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में खरोरा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बेलटुकरी निवासी आरोपी विष्णु राम धीवर 74 वर्ष ने अपनी पत्नी शांति बाई धीवर 68 वर्ष के चरित्र पर संदेह कर गला घोंटकर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार किया है।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**रायपुर, 23 मई।** शादी का प्रलोभन देकर युवती से दुष्कर्म करेन का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती निवासी 25 वर्षीय प्रार्थिया ने तेलीबांधा थाना में शिकायत किया कि आरोपी डिगेश्वर प्रसाद साहू 25 वर्ष ने शादी का प्रलोभन देकर लगातार शारीरिक संबंध बनाया और फिर शादी से इंकार कर दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है।

### जमीन का सौदा तय कर दूसरे को बेची

**रायपुर, 23 मई।** जमीन का सौदा तय कर किसी दूसरे को बेचने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया दिग्विजय सिंह ठाकुर 60 वर्ष ईदगाहभाठा आजाद चौक की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी के.पदमा और के.रम्ना ने गोंदवारा स्थित जमीन को प्रार्थिया के पास 15 लाख 30 हजार रुपए में सौदा तय कर पैसा लिया और जमीन किसी दूसरे को बेच दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# बेहद जनोपयोगी है सड़क दुर्घटना पीड़ितों की नकदी रहित उपचार स्कीमः जायसवाल




**रायपुर, 23 मई।** सड़क दुर्घटना होने वाले पीडितों के लिए भारत सरकार ने सड़क दुर्घटना पीड़ितों का नकदी रहित उपचार स्कीम 2025 शुरू किया है। इसके बारे में जानकारी देते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि यह एक बेहद जनउपयोगी योजना है जिसमें सड़क दुर्घटना होने पर पीड़ितों को नकदी रहित मुफ्त उपचार की व्यवस्था होगी। इसमें किसी भी पीड़ित परिवार को 7 दिन की अवधि के लिए आयुष्मान स्वास्थ्य योजना से संबद्ध हास्पिटल में डेढ़ लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त मिलेगा।जायसवाल ने बताया कि ये निःशुल्क इलाज एक व्यक्ति के लिए डेढ़ लाख रुपए तक होगा। यानी अगर एक ही परिवार के दो व्यक्ति की दुर्घटना होती है तो 3 लाख तक, दुर्घटना में 3 लोग हताहत होते हैं तो 4.5 लाख तक मुफ्त इलाज हो सकेगा। इसमें वे सभी हास्पिटल शामिल होंगे, जिन्हें आयुष्मान योजना के तहत शामिल किया गया है। यानी आयुष्मान योजना के अंतर्गत पंजीकृति किसी भी अस्पताल में नई योजना के तहत दुर्घटना में हताहत व्यक्ति सात दिन तक डेढ़ लाख रुपए तक का का निः शुल्क इलाज के लिए पात्र होगा।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जानकारी देते हुए कहा कि अगर किसी की दुर्घटना होती है और उसे नजदीकी आयुष्मान संबद्ध हास्पिटल में ले जाया जाता है, लेकिन वहां भी इलाज के संसाधन नहीं हैं या स्पेशलिस्ट डॉक्टर नहीं है, तो वह हास्पिटल तुरंत दूसरे अस्पताल में केस भेजेगा और पोर्टल में इसे अपडेट करेगा ताकि विशेषज्ञ वाली जगह में तुरंत इलाज शुरू हो सके। जायसवाल ने कहा कि अभी ट्रामा और पॉलीट्रामा के अंतर्गत कुछ और सक्षम हास्पिटल को इस योजना के तहत शामिल किया जाएगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका लाभ मिल सके। इसके लिए सभी मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस जन हितकारी और महत्वपूर्ण योजना को राज्य में तत्काल प्रारंभ करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृह मंत्री विजय शर्मा को धन्यवाद देते हुए उनका आभार व्यक्त किया है।

## विप्र पब्लिक स्कूल भवन का लोकार्पण आज








**रायपुर, 23 मई।** छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र महाविद्यालय के 30 वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित विप्र पब्लिक स्कूल भवन लोकार्पण समारोह अनंतश्री विभूषित पश्चिमाम्नाय द्वारकाशारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामीश्री सदानन्द सरस्वती जी महाराज के करकमलों द्वारा संपन्न होगा। समारोह में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल महामहिम रमेन डेका मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बृजमोहन अग्रवाल (सांसद एवं पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन ),रविंद्र चौबे (पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन), राजेश मूणत (विधायक एवं पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन ),मीनल चौबे (महापौर, नगर पालिक निगम रायपुर), पुरंदर मिश्रा (विधायक, रायपुर उत्तर ),अनुज शर्मा (विधायक ,धरसीवा ),कल्पना योगेश तिवारी (अध्यक्ष, जिला पंचायत बेमेतरा) ,सुशांत शुक्ला (विधायक बेलतरा), शशांक शर्मा (अध्यक्ष, साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़), नीलू शर्मा( अध्यक्ष, पर्यटन मंडल छत्तीसगढ़) उपस्थित रहेंगे।

यह जानकारी देते हुए विप्र शिक्षण समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने बताया कि विप्र महाविद्यालय द्वारा 30 वर्षों से न्यूनतम शुल्क में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अपने लक्ष्य को सफलतापूर्वक प्राप्त करते हुए 2017 में विप्र पब्लिक स्कूल प्रारंभ किया गया था। विप्र महाविद्यालय के 30 वें स्थापना दिवस पर लगभग 7 करोड़ रु.की लागत से 70000 वर्गफीट में 70 कमरों से युक्त विप्र पब्लिक स्कूल के नवीन भवन का लोकार्पण रायपुर शहर के बच्चों के लिए निश्चित ही नए अवसर का द्वार खोलेगा।

### डीएपी की कमी किसान भटक रहे

**रायपुर, 23 मई।** मानसून के दस्तक देते ही अब किसान रसायनिक खाद के लिए भटक रहे हैं। इस समय डीएपी खाद की कमी है, जबकि यूरिया और फॉस्फोरस का स्टॉक पर्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार राज्य में मार्कफेड के माध्यम से करीब 700 टन रासायनिक खाद की आपूर्ति की जाती है। कृषि विभाग द्वारा इसका डिमांड नोट दिया जाता है। अधिकारियों के अनुसार इस समय डीएपी की कमी है। इसमें यूरिया तथा फॉस्फोरस अलग-अलग मात्रा में होती है, इसलिए इसकी डिमांड ज्यादा है। कृषि विभाग ने आदेश जारी कर इसके विकल्प के रूप में ग्रोमोर खाद का उपयोग करने का सुझाव दिया है। यह सभी इफको के प्रोडक्ट है, इसलिए कृषि विभाग ने इसके विकल्प के रूप में अन्य प्रोडक्ट की उपयोग करने की सलाह दी है।

## युक्तियुक्तकरण के खिलाफ शालेय शिक्षक संघ ने खोला मोर्चा

■ 28 मई को मंत्रालय के घेराव का किया ऐलान



**रायपुर, 23 मई।** युक्तियुक्तकरण की वजह से भले ही सरकार कह रही हो कि न तो स्कूल बंद होंगे और न ही शिक्षकों के पद समाप्त होंगे. लेकिन शालेय शिक्षक संघ इसे अन्याय करार देते हुए इसके विरोध में 28 मई को मंत्रालय के घेराव का ऐलान किया है. शालेय शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने कहा है कि राज्य का कोई भी शिक्षक तथा शिक्षक संगठन एकल शिक्षकीय व शिक्षक विहीन शालाओं में शिक्षक उपलब्ध कराने की कार्यवाही का विरोध नहीं कर रहा है. उनके विरोध का प्रमुख बिंदु 2008 के विभागीय सेट अप की तुलना में प्राथमिक तथा पूर्व माध्यमिक शालाओं में एक एक शिक्षक कम करने की कवायद को लेकर है.

वीरेंद्र दुबे ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग अपने ही वर्तमान में भी लागू सेट अप को अप्रासंगिक बता रहा है, तथा 15 वर्षों से लागू आरटीई एक्ट 2009 को ढाल बनाने का प्रयास कर रहा है।

## 26 मई को एक राष्ट्र-एक चुनाव पर सेमीनार




**रायपुर, 23 मई।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री सुरिंदर सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कैट के प्रदेश कार्यालय में कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी जी अध्यक्षता में मिटिंग हुई। मिटिंग में कैट द्वारा आगामी 26 मई को एक राष्ट्र - एक चुनाव पर सेमीनार का आयोजन वृन्दावन हाल सिविल लाईन में किया जायेगा। मिटिंग में कैट, युवा कैट , महिला कैट एवं ट्रांसपोर्ट कैट के पदाधिकारी उपस्थित रहें। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी जी ने बताया कि मार्च-अप्रैल 2021 के दौरान चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में हुए चुनावों का भी संभावित योगदान माना जा रहा है, इसलिये ÷एक राष्ट्र, एक चुनाव जैसी महत्त्वपूर्ण अवधारणा पर तर्कपूर्ण चर्चा करना आवश्यक हो गया है। उन्होनें ने बताया कि नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार देश में प्रत्येक वर्ष कम-से-कम एक चुनाव होता है। दरअसल प्रत्येक राज्य में प्रत्येक वर्ष चुनाव भी होते हैं। उस रिपोर्ट में नीति आयोग ने तर्क दिया कि इन चुनावों के चलते विभिन्न प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नुकसान होते हैं। चुनाव की अगणनीय आर्थिक लागतः बिहार जैसे बड़े आकार के राज्य के लिये चुनाव से संबंधित सीधे बजट की लागत लगभग 300 करोड़ रुपए है।

## सुरजा खांडे को 'तनया' कलमकार स्मृति सम्मान

**रायपुर, 23 मई।** राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान एवं राष्ट्रीय प्रतिष्ठा पुरुस्कार प्राप्त समिति छत्तीसगढ़ कलमकार मंच मस्तूरी के द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में रायपुर के नवोदित कवियत्री श्रीमती सुरजा खांडे 'तनया' को कलमकार स्मृति सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि सुरजा खांडे 'तनया' ने विद्यालय शिक्षा के दौरान से ही रचना के प्रति अभिरुचि रखते आई हैं।आप सामाजिक समस्याओं से जुड़े यथार्थ घटनाओं पर आधारित विषयों पर अपनी लेखनी चलाती हैं। ज्ञातव्य हो कि इनको अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वर्ल्ड वाइड बुक ऑफ रिकॉर्ड से सम्मानित भी विभूषित किया जा चुका है।जिसमें इन्होंने अंतरराष्ट्रीय लेखिका अगाथा क्रिस्टी के जीवन पर प्रकाश डाला था। उक्त सम्मान समारोह और पुस्तक विमोचन कार्यक्रम बिलासपुर सिटी के निकट कानन पेंडारी में आयोजित किया गया। समिति के संस्थापक अध्यक्ष एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित व्यक्तित्व और साहित्यकार डॉ.किशन टंडन क्रांति,संरक्षक डॉ.गोवर्धन मार्शल,उपाध्यक्ष जुगेश बंजारे'धीरज',प्रो प्यारेलाल आदिले समिति के समस्त सदस्य,साहित्यकारों ने बधाई प्रेषित किया है। आप इस अप्रतिम उपलब्धि के लिए जलसंसाधन विभाग में कार्यरत अपने पति श्री एच.आर.खांडे परिवार,दोस्त एवं समाज को श्रेय देती हैं।

### चोरी के दोपहिया वाहनों के साथ दो गिरफ्तार

**रायपुर, 23 मई।** राजधानी रायपुर के थाना आमानाका, गुढियारी एवं तेलीबांधा क्षेत्र से दो बूलेट बाईक एवं एक बर्गमेन स्कूटर चोरी करने वाले दो आरोपियों को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की रहीं अहम भूमिंका। आरोपियों के कब्जे से चोरी दोपहिया वाहन जप्त यिकाय है। मिली प्रार्थी करमजीत सिंग चिमा ने थाना आमानाका में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह हर्षित रत्न कालोनी टाटीबंध आमानाका रायपुर में रहता है। प्रार्थी दिनांक 18.05.25 को अपने बूलेट वाहन क्रमांक सी जी 04 एल बी 8848 को दोपहर के समय अपने घर के सामने खड़ा किया था, थोड़ी देर बाद देखा तो बूलेट वाहन खड़ी किये गये स्थान पर नहीं था। कोई अज्ञात चोर प्रार्थी की खड़ी उक्त बूलेट वाहन को चोरी कर ले गया, कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना आमानाका में अपराध क्रमांक 152/25 धारा 303(2) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

## समाचार संक्षेप

### मुख्यमंत्री नीति आयोग की बैठक में लेंगे हिस्सा

**रायपुर, 23 मई।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रात लगभग 10 बजे नई दिल्ली पहुंचेंगे। राजधानी में वे आगामी दो दिनों तक केंद्र सरकार और पार्टी स्तर की महत्वपूर्ण बैठकों में भाग लेंगे, जिनका सीधा संबंध देश और राज्यों के विकास से है। शनिवार सुबह 9 बजे मुख्यमंत्री प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक में शामिल होंगे। इस उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी करेंगे, जिसमें देशभर के मुख्यमंत्री और केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल भाग लेंगे। बैठक में राज्यों को दी जाने वाली सहायता, बुनियादी ढांचे का विकास, किसानों और युवाओं से जुड़े मुद्दे, तथा समावेशी और सतत विकास जैसे विषयों पर व्यापक चर्चा होगी। बैठक में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ की ज़मीनी चुनौतियों और प्राथमिकताओं को मजबूती से रखेंगे। वे राज्य में औद्योगिक निवेश, कृषि क्षेत्र की मजबूती, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सेवाओं में नवाचार और दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों तक योजनाओं की प्रभावी पहुँच जैसे विषयों पर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे। रविवार को मुख्यमंत्री सुबह 9 बजे होटल अशोका में आयोजित भाजपा और एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे। इस बैठक में राज्यों की विकास योजनाओं के ज़मीनी स्तर पर क्रियान्वयन, जनकल्याण की प्रभावशीलता, और सुशासन के साझा मॉडल पर अनुभव साझा किए जाएंगे।



### भाजपा माना मंडल ने निकाली तिरंगा यात्रा

**रायपुर, 23 मई।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता एवं देश की आन, बान और शान, भारतीय सैनिकों के साहस, शौर्य और पराक्रम को नमन करते हुए भाजपा माना मंडल की तिरंगा यात्रा महावीर नगर स्थित अटल उद्यान से प्रारंभ होकर अमलीडीह हनुमान मंदिर तक निकाली गई। तिरंगा यात्रा में छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री केदार कश्यप सहित ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू मुख्य रूप से शामिल हुए,उक्त जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार राठी ने बताया कि यात्रा में सभी धर्म, जाति, संप्रदाय और सभी वर्गों के लोग भारत माता की जय एवं भारतीय जवान जिंदाबाद के गगनभेदी नारों के साथ हाथ में तिरंगा थामे शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री कश्यप ने कहा कि जिस प्रकार बड़ी संख्या में आमजन तिरंगा यात्रा में शामिल हुए है इससे एकजुटता, देशभक्ति, सहित राष्ट्रीय गौरव का संदेश दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा की जब भी बात आएगी, हम सभी एक हैं। वही ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान में 9 आतंकवादी ठिकानों को पूरी तरह धराशायी कर दिया। हम सभी अपनी सेना के अदम्य साहस, शौर्य और पराक्रम को नमन करते हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री मोदी की कुशल कूटनीति के कारण पूरे विश्व में भारत का सम्मान बढ़ा है।






कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26